संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

सुविचार

"जो समय का सम्मान करता है, समय उसे सम्मान देता है।"



29 मार्च : अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह के अग्रदूत हैं मंगल पांडे

पूर्णिया , रविवार 29 मार्च 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 350

# पश्चिम एशिया संकट से पूरा विश्व चिंतित, भारत मजबूती से कर रहा मुकाबला : प्रधानमंत्री

**नोएडा,** (हि.स.)। नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के मौके पर नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर वैश्विक चिंता जताई और कहा कि भारत इस चुनौती का मजबूती से सामना कर रहा है।



**वैश्विक संकट के बीच भारत का संकल्प:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण कई देशों में खाद्य सामग्री, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं का संकट गहरा गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत सरकार आम परिवारों और किसानों पर इसका असर कम करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने देशवासियों और राजनीतिक दलों से एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करने की अपील की।

**यूपी बना सबसे अधिक एयरपोर्ट वाला राज्य:** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश का सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला राज्य बन गया है। उन्होंने इसे "नई उड़ान" का प्रतीक बताते हुए कहा कि इससे खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

**डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख:** प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर फैक्टरी, नमो भारत ट्रेन और जेवर एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं को विकास का उदाहरण बताया। साथ ही उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों तक यह परियोजना फाइलों में अटकी रही, जिसे वर्तमान सरकार ने पूरा किया।

**विमानन क्षेत्र में तेज विकास**
मोदी ने बताया कि 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, जो अब बढ़कर 160 से अधिक हो गए हैं। उड़ान योजना के तहत एक करोड़ से ज्यादा लोग सस्ती हवाई यात्रा कर चुके हैं, जिससे आम लोगों के लिए हवाई सफर सुलभ हुआ है। कार्यक्रम में आनंदी बेन पटेल, योगी आदित्यनाथ, किंजरापु राममोहन नायडू, केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई नेता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से की बातचीत, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत कर पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति पर चर्चा की।प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मुताबिक बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय ऊर्जा अवसंरचना पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ऐसे हमलों की भारत की ओर से कड़ी निंदा दोहराई।मोदी ने बताया कि बातचीत के दौरान



दोनों पक्षों ने समुद्री मार्गों की सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर सहमति जताई, ताकि वैश्विक व्यापार और आपूर्ति शृंखला बाधित न हो।प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब में रह रहे भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए क्राउन प्रिंस के निरंतर सहयोग के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## मोदी-ट्रंप के बीच 24 मार्च को फोन पर हुई वार्ता सिर्फ द्विपक्षीय : भारत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत ने शनिवार को स्पष्ट किया कि 24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई टेलीफोन वार्ता पूरी तरह द्विपक्षीय थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह बातचीत पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए की गई थी।
यह स्पष्टीकरण उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया, जिनमें दावा किया गया था कि टेक उद्यमी एलन मस्क



भी इस कॉल में शामिल थे। कुछ रिपोर्ट्स में इसे असामान्य स्थिति बताया गया था। हालांकि विदेश मंत्रालय ने इन दावों को खारिज करते हुए दोहराया कि बातचीत केवल दोनों नेताओं के बीच ही सीमित रही और किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भूमिका नहीं थी।

## एनएचएआई ने जयपुर बाईपास पर पुल और अंडरपास निर्माण का दिया ठेका, 130.65 करोड़ की परियोजना

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-48 स्थित जयपुर बाईपास पर यातायात सुधार के लिए 130.65 करोड़ रुपये की लागत से पुल और अंडरपास निर्माण का कार्य मारुति इन्फ्राक्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा है। एनएचएआई ने बताया कि इस परियोजना के तहत दो अंडरपास बनाए जाएंगे। एक दिल्ली से मानसरोवर जाने वाले यातायात के लिए और दूसरा मानसरोवर से दिल्ली आने वाले वाहनों के लिए होगा। इसके अलावा दो ऊपरी पुल भी बनाए जाएंगे, जिससे जयपुर-अजमेर और अजमेर-दिल्ली दिशा का यातायात बिना रुके गुजर सकेगा।
यह जंक्शन जयपुर का अत्यधिक व्यस्त मार्ग है, जहां दिल्ली, अजमेर और शहर के प्रमुख क्षेत्रों के बीच भारी यातायात चलता है। मौजूदा व्यवस्था में सिग्नल पर रुकना पड़ता है, जिससे जाम, समय की बर्बादी और ईंधन की खपत बढ़ती है।
इन निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद जंक्शन पर यातायात सुगम होगा। सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। यात्रियों का समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। यह परियोजना क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद करेगी।

**01: जयपुर-अजमेर और अजमेर-दिल्ली मार्ग के लिए दो फ्लाईओवर (ऊपरी पुल) भी बनाए जाएंगे।**

## राजनाथ सिंह की अगुवाई में आईजीओएम की बैठक, पश्चिम एशिया संकट के असर की समीक्षा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू सहित कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर भारत की तैयारियों की समीक्षा करना था।



**आपूर्ति श्रृंखला और अवसंरचना की समीक्षा** बैठक में भारत की आपूर्ति शृंखला की स्थिति, आवश्यक वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता और महत्वपूर्ण अवसंरचना की मजबूती पर चर्चा हुई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य संबंधित मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों की जानकारी साझा की।

**सरकार की सतर्कता और तैयारियां:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और किसी भी संभावित प्रभाव से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि देश की ऊर्जा सुरक्षा, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता में बनी रहे।

**पश्चिम एशिया संकट पर विस्तृत चर्चा:** बैठक में पश्चिम एशिया में जारी संकट और उससे उत्पन्न संभावित प्रभावों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मंत्रियों ने ऊर्जा आपूर्ति, वैश्विक व्यापार और आयात-निर्यात पर पड़ने वाले असर का आकलन किया तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

### ।मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था: 700 किलो से अधिक नकली पनीर बरामद

**जयपुर,** (हि.स.)। जवाहर नगर थाना पुलिस ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को 700 किलो से अधिक नकली पनीर (मावा) बरामद किया। जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। इस मामले में खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था। थानाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीला नंबर-1 स्थित राजेश डेयरी पर नकली मावा सप्लाई होने वाला है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर पिकअप वाहन से भारी मात्रा में लाया गया मावा बरामद किया। जिसे बाजार में सप्लाई से पहले ही पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ प्रथम की टीम को बुलाकर नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## नालंदा विश्वविद्यालय में 31 मार्च को दूसरा दीक्षांत समारोह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु होंगी मुख्य अतिथि

**पटना,** (हि.स.)। विश्व प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय के राजगीर स्थित स्थायी परिसर में 31 मार्च को दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रपति एवं विश्वविद्यालय की विजिटर द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।
यह समारोह कई मायनों में खास होगा, क्योंकि नव उद्घाटित स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला यह पहला दीक्षांत समारोह है। इस आधुनिक परिसर का उद्घाटन जून



2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार के बाद यह दूसरा दीक्षांत समारोह है, जबकि पहला समारोह वर्ष 2016 में आयोजित हुआ था।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राजगीर और नालंदा विश्वविद्यालय का राष्ट्रपति के रूप में यह पहला दौरा होगा। इस दौरान वे दीक्षांत भाषण देंगी, छात्रों को उपाधियां प्रदान करेंगी और मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगी।
साथ ही वे विश्वविद्यालय के नवनिर्मित 2000 सीटों वाले सभागार 'विश्वमित्रालय' का उद्घाटन भी करेंगी।
समारोह में पोस्ट-ग्रेजुएट और डॉक्टरेट प्रोग्राम के छात्रों को व्यक्तिगत रूप से डिग्री प्रदान की जाएगी। इस दीक्षांत समारोह की विशेषता इसकी अंतरराष्ट्रीय भागीदारी भी है, जिसमें अर्जेंटीना, वियतनाम, भूटान, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, म्यांमार, सर्बिया, घाना, थाईलैंड, नेपाल, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे सहित कई देशों के छात्र शामिल होंगे। इस अवसर पर कुल 10 पीएचडी उपाधियां और 36 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जो विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक शैक्षणिक प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं।-

## ईरानी सेना ने हाइफ़ा में इजराइली ठिकानों पर किया ड्रोन हमला

**तेहरान,** (हि.स.)।

**01: बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के ईंधन भंडारण पर भी हमला किया गया।**

----------------

**02 : हमलों से इजराइल की हवाई और रक्षा क्षमता प्रभावित होने का दावा।**

----------------

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की सेना ने दावा किया है कि उसने इजराइल के अहम ठिकानों हाइफ़ा और बेन गुरियन हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला किया। ईरान की अर्ध-सरकारी तसनीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस कार्रवाई को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अंजाम दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाइफ़ा बंदरगाह स्थित इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और रडार केंद्र तथा तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की ईंधन भंडारण सुविधाओं को निशाना बनाया गया। ये ठिकाने इजराइल की रक्षा और हवाई अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं। आईआरजीसी का दावा है कि इन हमलों से इजराइल की मिसाइल और ड्रोन रोकने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। साथ ही, ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने से हवाई संचालन में भी बाधा आ सकती है। ईरान ने इसे हाल के हमलों के जवाब में की गई कार्रवाई बताया है।



## मुर्शिदाबाद में राम नवमी शोभायात्रा हिंसा मामले में अब तक 30 गिरफ्तार

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर क्षेत्र में राम नवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त कार्रवाई के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया है।अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए, जिनका इलाज जारी है। पुलिस ने



बताया कि हिंसा में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान कर छापेमारी की जा रही है और कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।
संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय बलों की गश्त और फ्लैग मार्च जारी है। एहतियात के तौर पर निषेधाज्ञा लागू है। प्रशासन के अनुसार, बाजार खुलने लगे हैं और जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है।

## नासिक दुष्कर्म मामले के आरोपित के खिलाफ 100 से ज्यादा आनलाइन शिकायतें दर्ज

**मुंबई,** (हि.स.)। महाराष्ट्र के नासिक दुष्कर्म मामले में आरोपित अशोक खरात के खिलाफ पुलिस की विशेष हेल्पलाइन पर 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें करीब 70 प्रतिशत शिकायतें महिलाओं की हैं। सहकारवाड़ा पुलिस स्टेशन में अब तक 10 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें दो मामले धोखाधड़ी से जुड़े हैं।
पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच के लिए स्पेशल इंवेस्टिगेशन



टीम (SIT) गठित की गई है, जिसका नेतृत्व महिला आईपीएस अधिकारी तेजस्विनी सातपुते कर रही हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपित ने कथित तौर पर 200 से अधिक महिलाओं को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। पीड़ितों के लिए जारी हेल्पलाइन के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं सामने आई हैं। पहले डर के कारण शिकायत नहीं हो रही थी, लेकिन अब पुलिस कार्रवाई के बाद पीड़ितों का भरोसा बढ़ा है। सभी मामलों की जांच एसआईटी द्वारा जारी है।

## सीबीआई ने त्रिवेंद्रम के इंजीनियरिंग छात्र हत्या मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंजीनियरिंग छात्र श्यामल मंडल के अपहरण और हत्या मामले में लंबे समय से फरार आरोपी दुर्गा बहादुर भट छेत्री उर्फ दीपक को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है।
आरोपी वर्ष 2005 से फरार था और अदालत ने उसे घोषित अपराधी करार दिया था।सीबीआई ने केरल उच्च न्यायालय के आदेश पर वर्ष 2008 में मामले की दोबारा जांच शुरू की थी। श्यामल मंडल के लापता होने के बाद उसके पिता को फिरौती कॉल आया था और 23 अक्टूबर 2005 को थिरुवल्लम क्षेत्र में वेल्लार के पास उसका शव बरामद हुआ था।
जांच में सामने आया कि हत्या में छेत्री के साथ मोहम्मद अली भी शामिल था। अली को 2022 में दोषी ठहराया जा चुका है। छेत्री पहचान छिपाकर नागपुर में सुराज बी भट नाम से रह रहा था। उसे 27 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया गया।

# मुख्यमंत्री ने पटना शहर स्थित विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण





**पटना,** (हि.स.)। पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास बन रहे लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क (बिहार गौरव पार्क) का जायजा लिया। यह पार्क लगभग 10 एकड़ भूमि में बांस घाट और जेपी गंगा पथ के बीच विकसित किया जा रहा है।

**ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों का होगा प्रदर्शन** निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और आकर्षक ढंग से होना चाहिए। इस थीम पार्क में बिहार की गौरवशाली परंपरा और इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण तथा दशरथ मांझी जैसी महान विभूतियों की प्रेरणादायक गाथाएं शामिल होंगी। इसके अलावा नालंदा और विक्रमशिला की स्थापत्य शैली, स्तूप, मंदिर और मकबरों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

**पटना हाट और सैरगाह परियोजना:** मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान के निकट बन रहे पटना हाट और सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक प्रस्तावित सैरगाह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए। सैरगाह में पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, सिटिंग एरिया और अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे शहरवासियों और पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। निरीक्षण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें विजय कुमार चौधरी, दीपक कुमार, कुमार रवि, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, अनिमेष पराशर, डॉ. त्यागराजन एसएम और यशपाल मीणा सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

**स्मृति परिसर और पर्यटकीय सुविधाएं:** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में एक भव्य स्मृति परिसर भी विकसित किया जाए। इस पार्क में पर्यटकों के लिए खाने-पीने की सुविधाएं, खेल मैदान, बैठने की व्यवस्था और अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे यह क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

**मुक्ति धाम और शवदाह गृह का निरीक्षण:** इसके बाद मुख्यमंत्री ने बांस घाट मुक्ति धाम का भी निरीक्षण किया। लगभग साढ़े चार एकड़ में विकसित इस परिसर में दाह संस्कार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने पुराने शवदाह गृह का भी निरीक्षण कर उसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा वहां सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा।

## नागालैंड के राज्यपाल नन्द किशोर यादव की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात



**पटना,** (हि.स.)अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आज शिष्टाचार मुलाकात का आयोजन हुआ। इस दौरान नागालैंड के राज्यपाल नन्द किशोर यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सौहार्दपूर्ण भेंट की। यह मुलाकात औपचारिक शिष्टाचार के तहत हुई, जिसमें दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। बैठक के दौरान राज्यपाल नन्द किशोर यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से प्रदेश के विकास, प्रशासनिक कार्यों की प्रगति तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर बातचीत की। मुख्यमंत्री ने राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं और सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग तथा समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। शिष्टाचार मुलाकात के अंत में दोनों ने एक-दूसरे के प्रति शुभकामनाएं भी व्यक्त कीं। गौरतलब है कि यह भेंट 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हुई, जो राज्य के प्रमुख प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

# बलिराजगढ़ उत्खनन से मिथिला की प्राचीन सभ्यता के रहस्यों के खुलने की उम्मीद



**पटना,** (हि.स.)मधुबनी जिले के बाबूबरही प्रखंड स्थित ऐतिहासिक स्थल बलिराजगढ़ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) ने एक बार फिर उत्खनन कार्य शुरू किया है। इस खुदाई से मिथिला क्षेत्र की प्राचीन सभ्यता और इतिहास के कई अनछुए पहलुओं के सामने आने की संभावना जताई जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थल लगभग 2000 साल पुरानी सभ्यता से जुड़ा हो सकता है।

**प्राचीन राजधानी के रूप में पहचान:** बलिराजगढ़ को मिथिला की प्राचीन राजधानी माना जाता है। यह स्थल लगभग एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे 1938 में राष्ट्रीय महत्व का स्थल घोषित किया गया था। यह स्थान प्राचीन किले के अवशेषों के रूप में जाना जाता है, जिसका संबंध "राजा बलि" से भी जोड़ा जाता है। यह क्षेत्र आज भी ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**शुंग काल के अवशेषों की खोज:** इस बार के उत्खनन में ईसा से लगभग 200 वर्ष पूर्व के शुंग काल के अवशेषों की खोज की जा रही है। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि उस समय मिथिला क्षेत्र में किस प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक व्यवस्था थी। पुरातत्वविदों को उम्मीद है कि यहां से प्राप्त वस्तुएं उस दौर की जीवनशैली और शिल्पकला पर प्रकाश डालेंगी।

**उत्खनन का शुभारंभ और मौजूद जनप्रतिनिधि:** उत्खनन कार्य का शुभारंभ राज्यसभा सांसद संजय झा ने किया। इस अवसर पर झंझारपुर के सांसद राम प्रीत मंडल और बाबूबरही की विधायक मीना कामत भी उपस्थित रहीं। संजय झा ने कहा कि यह प्रयास मिथिला की जड़ों को जानने और क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को सामने लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**पर्यटन और आर्थिक विकास की उम्मीद:** उत्खनन से प्राप्त होने वाले पुरातात्विक प्रमाण मिथिला क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को और मजबूत करेंगे। इसके साथ ही मधुबनी जिले (मधुबनी) में पर्यटन को बढ़ावा मिलने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना क्षेत्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

# शपथ ग्रहण की तैयारी तेज, 10 अप्रैल को शपथ संभव





**पटना,** (हि.स.)अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आज शिष्टाचार मुलाकात का आयोजन हुआ। इस दौरान नागालैंड के राज्यपाल नन्द किशोर यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सौहार्दपूर्ण भेंट की। यह मुलाकात औपचारिक शिष्टाचार के तहत हुई, जिसमें दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। बैठक के दौरान राज्यपाल नन्द किशोर यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से प्रदेश के विकास, प्रशासनिक कार्यों की प्रगति तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर बातचीत की। मुख्यमंत्री ने राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं और सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग तथा समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। शिष्टाचार मुलाकात के अंत में दोनों ने एक-दूसरे के प्रति शुभकामनाएं भी व्यक्त कीं। गौरतलब है कि यह भेंट 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हुई, जो राज्य के प्रमुख प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

# बिहार मौसम : कई जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट, पटना में बदला रहेगा मौसम का मिजाज



**पटना,** (हि.स.)मौसम विभाग ने बिहार के कई जिलों में आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें पटना, जहानाबाद, नालंदा, भागलपुर, बेगूसराय, वैशाली, दरभंगा, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया समेत उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिले शामिल हैं। अगले कुछ घंटों में इन इलाकों में मेघ गर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

**50–60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान:** मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। इसके साथ ही बिजली गिरने और अचानक बारिश होने की भी संभावना है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है और कहा है कि खुले स्थानों, ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें।

**पटना में अगले कुछ दिनों तक बदला रहेगा मौसम:** राजधानी पटना में मौसम अगले कुछ दिनों तक बदलता हुआ रहेगा। 28 मार्च को आंशिक बादल छाए रहने और हल्की बारिश या गरज के साथ बौछार पड़ने की संभावना है। 29 मार्च को भी बादल छाए रहेंगे, जबकि 30 और 31 मार्च को मौसम अपेक्षाकृत साफ रह सकता है। हालांकि हल्के बादल बने रहेंगे और तापमान में बढ़ोतरी होगी।

**तापमान में उतार-चढ़ाव और सावधानी जरूरी:** बिहार के विभिन्न जिलों में न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री से 20.6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की गिरावट भी देखी गई है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। आने वाले दिनों में गर्मी के साथ बीच-बीच में बारिश और बादलों का असर जारी रहने की संभावना है।

# पटना एम्स में पीजी छात्र ने जान देने की कोशिश, सुसाइड नोट में लिखा—"मुझे शांति से मरने दें"




**पटना,** (हि.स.) एम्स से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां पीजी प्रथम वर्ष के छात्र डॉ. विश्वास कुमार ने आत्महत्या का प्रयास किया। डॉ. विश्वास कुमार मूल रूप से पश्चिम बंगाल के मुकुंदपुर (Kolkata का एक क्षेत्र) के रहने वाले हैं। घटना के बाद उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कर इलाज जारी है।

**ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर हुआ खुलासा:** जानकारी के अनुसार, डॉ. विश्वास कुमार की शुक्रवार को ड्यूटी लगी थी, लेकिन वे लंबे समय तक ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। सहपाठियों को चिंता होने पर वे उन्हें खोजते हुए छात्रावास पहुंचे, जहां कमरा नंबर 13 का दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांकने पर डॉ. विश्वास कुमार बेहोशी की हालत में अपने बिस्तर पर पड़े दिखे। इसके बाद साथियों ने खिड़की तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और तुरंत इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया।

**सुसाइड नोट से हुआ खुलासा** मामले की सूचना मिलने पर फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कमरे की तलाशी के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें डॉ. विश्वास कुमार ने अंग्रेजी में लिखा था—"Do not try to revive me, let me die in peace." इसका अर्थ है कि उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें बचाने की कोशिश न की जाए और उन्हें शांति से मरने दिया जाए। इस सुसाइड नोट ने मामले को और गंभीर बना दिया है।

**पुलिस जांच और आगे की कार्रवाई:** पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि डॉ. विश्वास कुमार किन परिस्थितियों से गुजर रहे थे। उनके सहपाठियों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही, छात्रावास के कमरे को सील कर दिया गया है और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) टीम को साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया है।

# इतिहास के पन्नों में 29 मार्च : अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह के अग्रदूत हैं मंगल पांडे



देश-दुनिया के इतिहास में 29 मार्च की तारीख बेहद अहम है। 29 मार्च 1857 को ही मंगल पांडे ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी जलाई थी। वे 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री के सिपाही थे और बैरकपुर में तैनात थे। इसी दिन उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों के खिलाफ हथियार उठाए, जो आगे चलकर 1857 की क्रांति की शुरुआत का कारण बना। यह विद्रोह धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गया और भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में जाना गया।

मंगल पांडे का यह साहसिक कदम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की नींव साबित हुआ, जिसने बाद में आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। इसके अलावा, 29 मार्च 1807 को जर्मन खगोलशास्त्री हेनरिक विल्हेम ओल्बर्स ने सौर मंडल के सबसे बड़े क्षुद्रग्रहों में से एक 'वेस्ता' की खोज की थी। वेस्ता अपनी असाधारण चमक के लिए जाना जाता है और यह नग्न आंखों से भी कभी-कभी दिखाई दे सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इसकी सतह पर गहरी घाटियां और नाले जैसे निशान मौजूद हैं।

हाल की रिसर्च में यह संभावना जताई गई है कि कभी इस क्षुद्रग्रह पर पानी बहता रहा होगा, जिससे इसकी सतह पर भूक्षरण (erosion) के निशान बने। यह खोज अंतरिक्ष विज्ञान के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है क्योंकि यह दर्शाती है कि सौर मंडल के छोटे पिंडों पर भी जटिल प्रक्रियाएं हो सकती हैं। इस तरह 29 मार्च एक ऐसा दिन है जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत और अंतरिक्ष विज्ञान की महत्वपूर्ण खोज—दोनों का गवाह रहा है।

**महत्वपूर्ण घटनाचक्र**

-------------

1807 - जर्मनी के खगोलविद् विल्हेम ओल्बर्स ने क्षुद्रग्रह वेस्ता खोजा। इसे आसमान का सबसे चमकदार छोटा तारा कहा गया।

-------------

1849 -महाराजा दिलीप सिंह ने अपने दिवंगत पिता रणजीत सिंह का सिंहासन छोड़ दिया और पंजाब पर ईस्ट इंडिया कंपनी का कब्जा हो गया।

-------------

1857 - सिपाही मंगल पांडे (34 वीं रेजीमेंट), भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ बंगाल नेटिव इन्फैंट्री विद्रोहों और लंबे समय से चल रहे 1857 के सिपाही स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाने गये।

-------------

1859 - बहादुर शाह जफर द्वितीय को 1857 की क्रांति में भागीदारी का दोषी पाया गया और अंग्रेज सरकार ने उन्हें देश निकाला देकर रंगून भेज दिया।

-------------

1953 - हिलैरी तथा तेनजिंग नोर्गे द्वारा विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर विजय।

-------------

1954 - राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (नेशनल गैलरी आफ मॉडर्न आर्ट) का दिल्ली में शुभारंभ।

-------------

1982 - तेलुगु देशम पार्टी (भारत क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी) एन.टी. रामाराव द्वारा स्थापित करी गयी।

-------------

1999 - पराग्वे के राष्ट्रपति रॉल क्यूबास का इस्तीफा।

-------------

1999 - उत्तर प्रदेश के कुमायूं और चमोली (अब उत्तराखंड) में आधी रात के ठीक बाद आए 6.8 तीव्रता के भूकंप में 100 से ज्यादा लोगों की मौत।

-------------

2001 - संयुक्त राज्य अमेरिका का ग्लोबल वार्मिंग पर क्योटो संधि को मानने से इंकार।

-------------

2002 - दिल्ली और बीजिंग के बीच सीधी वाणिज्यिक उड़ान सेवा फिर से शुरू।

-------------

2003 - तुर्की एयरलाइंस विमान के अपहर्त्ताओं ने आत्मसमर्पण किया।

-------------

2008 - उज्जैन के संस्कृत विद्वान् प्रो. श्रीनिवास रथ को उत्तर प्रदेश संस्कृति पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई।



# रामनवमी शोभा यात्रा : भगवा रंग में रंगा पूर्णिया : रामभक्ति, समरसता,आस्था और उत्साह ने रचा अद्भुत इतिहास



## रामनवमी पर पूर्णिया में उमड़ा आस्था का जनसैलाब हर गली-चौराहा गूंजा जय श्रीराम के जयघोष से.....



**न्यूज स्केल पूर्णिया**
**(कुमार मयंक )**

रामनवमी के अवसर पर पूर्णिया में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें आस्था का जनसैलाब उमड़ा, पूरा शहर केसरिया रंग में रंगा नजर आया। मधुबनी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से शनिवार को जब शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, तो वातावरण 'जय श्रीराम' के उद्‌घोष से गूंज उठा। भगवा पगड़ी, पीले चंदन से ललाट सुशोभित और हाथों में भगवा ध्वज व तलवार लिए युवाओं की टोलियां जब सड़कों पर निकलीं, तो पूर्णिया की सड़कों पर आस्था,श्रद्धा और शौर्य का अनोखा संगम दिखा। भगवान श्रीराम की भव्य रथ पर सवार प्रतिमा, आकर्षक झांकियां और भक्तों का उत्साह, सभी कुछ इस आयोजन को अविस्मरणीय बना रहे थे। सोमवार कों रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा ने पूर्णिया की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को एक नई ऊंचाई दी। श्रद्धालु, संगठनों की एकजुटता और प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने इस पर्व को अद्वितीय बना दिया।

**राजनीतिक व सामाजिक चेहरों की उपस्थिति ने बढ़ाया शोभा यात्रा का मान**

इस भव्य आयोजन में सांसद पप्पू यादव , मंत्री लेसी सिंह, सदर विधायक विजय खेमका, कसबा विधायक नितेश सिंह, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा , महापौर विभा कुमारी, उप महापौर पल्लवी गुप्ता, ग्रीन पूर्णिया के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, प्रफुल्ल रंजन वर्मा, पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव, व भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

**शोभायात्रा में संगठनों की भागीदारी रही उल्लेखनीय**

शोभायात्रा में श्रीराम सेवा संघ, विश्व हिन्दू युवा वाहिनी, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल, बालाजी सेवा संघ, हिन्दू युवा वाहिनी, श्रीकृष्ण सेवा सदन, हिन्दू जागरण मंच, दुर्गा वाहिनी और संघ परिवार सहित कई संगठनों ने अपनी भागीदारी निभाई। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालू अलग-अलग गणवेश में ये संगठन शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।

**जनसैलाब और झांकियों की भव्यता ने मोहा मन**

रामनवमी शोभा यात्रा जैसे जैसे शहर के विभिन्न रास्तों से गुजरी, हर मोड़ पर आकर्षक झांकियां और कलाकारों की प्रस्तुति लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। लोगों में उत्साह इस कदर था कि हर कोई इन झांकियों के साथ सेल्फी लेने को आतुर दिखा, जिसके कारण शोभायात्रा को कई स्थानों पर विराम लेना पड़ रहा था ।

**श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा समाज**

शोभायात्रा के मार्ग में समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों की ओर से जगह-जगह स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को शीतल पेय, शरबत, खीर, खिचड़ी आदि परोसे गए। समाजसेवी जितेंद्र यादव और महापौर विभा कुमारी ने स्वयं भी रामभक्तों की सेवा में भाग लिया। वही किडजी जॉनी किड्स, स्कुल के द्वारा शरबत का काउंटर लगाया गया था जहाँ स्कुल के निदेशक त्रिदीप कुमार दास ने राम भक्तों की सेवादारी की ! इसके अलावे कई अन्य समाजिक व्यवसायिक संगठनों ने राम भक्तो की सेवादारी की !

**प्रशासन और नगर निगम की रही सुदृढ़ व्यवस्था**

शहर की सड़कों पर शोभायात्रा के दौरान ट्रैफिक की रफ्तार थमी रही, ट्रैफिक पुलिस ने पहले से रूट चार्ट जारी कर दिया था और शोभा यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्थाओं को सहज बनाए रखा। नगर निगम की ओर से पूरे मार्ग में पानी व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, और पेयजल की व्यवस्था की गई थी , जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**चाक चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था**

वही जिला प्रशाशन पूरी तरह सक्रिय दिखा वीडियो ग्राफ़ी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे, ड्रोन से निगरानी के साथ चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मौजूद दिखे ! बड़ी संख्या में पुलिस के जवान सुरक्षा के दृष्टिकोण से शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे, जिनकी निगरानी में शोभा यात्रा सफल और शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ !

**"कैमरे की नज़र में कैद रामनवमी शोभायात्रा"**







## एसपी के नेतृत्व में चाक-चौबंद सुरक्षा, शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई रामनवमी शोभायात्रा







**न्यूज स्केल पूर्णिया**

रामनवमी के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

शोभायात्रा जुलूस के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत द्वारा विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके नेतृत्व में एडिशनल एसपी, डीएसपी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी लगातार फील्ड में तैनात रहे।

शहर के संवेदनशील इलाकों एवं सभी प्रमुख लिंक सड़कों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी, जिससे जुलूस मार्ग और यातायात सुचारू बना रहा। जगह-जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती, लगातार गश्ती तथा सीसीटीवी एवं ड्रोन से निगरानी के कारण पूरे आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही।

प्रशासन ने आमजन के सहयोग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।






रामनवमी के पावन अवसर पर भट्टा झंडा चौक स्थित किड्ज़ी जॉनी किड्स विद्यालय द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 30 हजार राम भक्तों को ठंडा शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के निदेशक त्रिदीप कुमार दास ने किया। शिक्षक, स्टाफ व सहयोगियों ने मिलकर श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। भीषण गर्मी में इस पहल से भक्तों को राहत मिली। लोगों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

# पर्यवेक्षण गृह पूर्णिया का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली विस्तृत जानकारी

## शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा, आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी द्वारा आवास, भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं पोषण मानकों के अनुपालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

**बच्चों से संवाद:** निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं अनुभवों की जानकारी प्राप्त की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

**उपस्थित पदाधिकारी:** इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया, पुलिस उपाधीक्षक (मु.) सह नोडल पदाधिकारी विशेष किशोर पुलिस इकाई श्री आलोक कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (SSA), बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, किशोर न्याय परिषद के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



**प्रशासनिक निर्देश:** अधीक्षक, पर्यवेक्षण गृह को निर्देश दिया गया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मियों के माध्यम से सभी व्यवस्थाओं का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करते हुए इसकी जानकारी जिला बाल संरक्षण इकाई को उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान प्राप्त बिंदुओं के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

समाचार संतुलित रूप से प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई आधिकारिक जानकारी पर आधारित है। जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) द्वारा शनिवार को पर्यवेक्षण गृह, पूर्णिया का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर समिति के नामित सदस्य एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य वहां रह रहे बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था।

**निरीक्षण का उद्देश्य**

समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार यह त्रैमासिक निरीक्षण बच्चों के हितों की सुरक्षा एवं उनके समुचित देखभाल के उद्देश्य से किया गया, ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिल सके।



**शिक्षा व्यवस्था की जानकारी**

निरीक्षण के दौरान बच्चे कक्षाओं में अध्ययनरत पाए गए। बच्चों के लिए आयु के अनुरूप अलग-अलग कक्षाओं की व्यवस्था की गई है।

जिला पदाधिकारी द्वारा बच्चों से पठन-पाठन एवं शिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बताया गया कि शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्त 7 शिक्षक बच्चों को नियमित रूप से पाठ्यक्रमानुसार शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा**

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए बताया गया कि चिकित्सकीय जांच हेतु रोस्टर ड्यूटी के अनुसार प्रतिदिन 5 चिकित्सा पदाधिकारी, 3 एएनएम, 2 लैब टेक्नीशियन एवं 1 फार्मासिस्ट की प्रतिनियुक्ति की गई है।

जिला पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया को सभी बच्चों की आवश्यक चिकित्सीय जांच, जिसमें रक्त जांच भी शामिल है, कैंप के माध्यम से कराने का निर्देश दिया गया।

**कौशल विकास गतिविधियां**

बच्चों को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त कंप्यूटर शिक्षा, कला एवं शिल्प, नाट्यकला एवं नुक्कड़ नाटक आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कला एवं शिल्प से संबंधित गतिविधियां संचालित पाई गईं।कंप्यूटर प्रशिक्षण दे रहे शिक्षकों को बच्चों को हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग का भी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही "किलकारी" के माध्यम से अन्य प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को कहा गया।

▪ **बच्चों की उपस्थिति एवं व्यवस्था:** निरीक्षण के क्रम में जानकारी दी गई कि पर्यवेक्षण गृह की निर्धारित क्षमता 50 है, जबकि वर्तमान में कुल 68 बच्चे आवासित हैं। इनमें पूर्णिया जिले के 29 एवं कटिहार जिले के 39 बच्चे शामिल हैं।

▪ **सामान्य ज्ञान के विस्तार पर जोर:** जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि बच्चों को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त सामान्य ज्ञान बढ़ाने हेतु समाचार पत्र एवं विभिन्न शैक्षणिक पत्रिकाएं जैसे योजना, कुरुक्षेत्र, इंडिया टुडे आदि उपलब्ध कराई जाएं।

# रामनवमी शोभायात्रा में पैदल शामिल हुए विधायक विजय खेमका, दिया मर्यादा और रामराज्य का संदेश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

रामनवमी के पावन अवसर पर पूर्णिया के मधुबनी से निकली 35वें वर्ष की भव्य शोभायात्रा में सदर विधायक विजय खेमका की सक्रिय भागीदारी चर्चा का केंद्र रही। विधायक स्वयं हजारों रामभक्तों के साथ पैदल चलकर न केवल अपनी आस्था प्रकट की, बल्कि लोगों के बीच जुड़ाव का भी संदेश दिया।

**जयघोष के बीच शहर बना राममय:** मधुबनी से प्रारंभ हुई यह ऐतिहासिक यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, "जय श्री राम" के गगनभेदी नारों से पूरा शहर गूंज उठा। लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे आस्था के विशाल जनसैलाब में बदल दिया।



**विभिन्न शोभायात्राओं का संगम, बना 'राम सागर':** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आई शोभायात्राएं जब मुख्य यात्रा में शामिल हुईं, तो पूरा दृश्य 'राम सागर' जैसा प्रतीत होने लगा। इस दौरान विधायक लगातार लोगों के बीच रहकर उनका अभिवादन स्वीकार करते रहे।

**सेवा और समर्पण का भी दिखा भाव:** पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा फल, जल और शरबत वितरण किया गया। विधायक ने इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि यही भारतीय संस्कृति की असली पहचान है।

**आयोजकों के प्रति जताया आभार:** विधायक विजय खेमका ने मधुबनी शोभायात्रा समिति, सामाजिक संगठनों और सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

**"श्रीराम के आदर्श अपनाएं, समाज का होगा कल्याण":** शोभायात्रा के दौरान विधायक विजय खेमका ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उनका जीवन हर व्यक्ति के लिए आदर्श है। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति श्रीराम के सत्य, अनुशासन और सेवा के मार्ग को अपनाए, तो एक सशक्त और आदर्श "रामराज्य" की स्थापना संभव है।

# रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद पप्पू यादव, भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा पूर्णिया

**न्यूज स्केल, पूर्णिया:**

रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा में सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शामिल हुए। मधुबनी दुर्गा स्थान से प्रारंभ हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास से गूंज उठा।

शोभायात्रा के संयोजक प्रवीण चौरसिया ने सांसद को पारंपरिक गमछा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने के साथ हमारी परंपराओं को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया।



यात्रा मधुबनी दुर्गा स्थान से सिपाही टोला, नगर निगम, आरएन साह चौक, भठा बाजार होते हुए रजनी चौक तक पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया, वहीं ढोल-नगाड़ों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। सांसद के सौजन्य से मधुबनी चौक और रजनी चौक पर शरबत-पानी की व्यवस्था भी की गई। रजनी चौक पर उन्होंने रामभक्तों के साथ लाठी करतब कर उत्साह बढ़ाया।

▪ **मधुबनी दुर्गा स्थान से निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत; सांसद ने कहा—धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ते हैं**

मौके पर अफरोज आलम, संजय सिंह, दिवाकर चौधरी, राजेश यादव, ई दिवाकर सिंह, वैश खान, शंकर सहनी, पवन यादव, सुडु यादव, अशोक दास, मंटू यादव, दिपांकर चटर्जी, मनोज यादव, हरिश चौधरी, ललन यादव, अशोक गुप्ता, प्रकाश जयसवाल, सुमित यादव, करन यादव सोनू, नितेश गुप्ता संगम, लकको, मो जहांगीर, सुधाकर चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रामनवमी पर बड़हरा कोठी में 48 घंटे का रामधुन अष्टयाम संकीर्तन शुरू



**न्यूज स्केल,बड़हरा कोठी।**

बड़हरा कोठी बस स्टैंड स्थित राम जानकी धर्मशाला में रामनवमी के पावन अवसर पर 48 घंटे का रामधुन अष्टयाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है। शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अष्टयाम संकीर्तन का विधिवत शुभारंभ हुआ, जो रविवार को संपन्न होगा।

इस अवसर पर रामजानकी ठाकुरबाड़ी को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। संकीर्तन में प्रखंड क्षेत्र की कई नामी-गिरामी कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिरस में डूबा हुआ है।

श्रद्धालुओं एवं कीर्तन मंडलियों की सुविधा के लिए राम जानकी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भोजन, विश्राम, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था की गई है।

अष्टयाम संकीर्तन के सफल संचालन में प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुमन तिवारी के साथ अरुण कुमार साह, बिपीन साह, सुनील दास, शंकर साह, बंदेलाल दास, कैलाश साह सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा है।

# पूर्णिया में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा, महापौर विभा कुमारी और जितेंद्र यादव ने सेवा भाव से जीता दिल

**लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में आस्था का सैलाब, जगह-जगह सेवा शिविर लगाकर किया स्वागत—साफ-सफाई और व्यवस्था में नगर निगम की सक्रिय भूमिका**

**न्यूज स्केल, पूर्णिया:**

रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को शहर भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आया, जब मधुबनी दुर्गा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक आयोजन में लाखों रामभक्त श्रद्धालुओं की सहभागिता ने पूरे शहर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

शोभायात्रा में पूर्णिया की महापौर विभा कुमारी और सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने स्वयं शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाया। यह यात्रा मधुबनी दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर डॉलर हाउस चौक, कचहरी, नगर निगम चौक, आरएन साह चौक, भट्ठा बाजार, लाइन बाजार, खुश्कीबाग होते हुए सिटी काली मंदिर तक पहुंची।



श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की थीं। महापौर के निर्देश पर पूरे मार्ग में साफ-सफाई, पानी का छिड़काव, ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग और समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे शोभायात्रा व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न हुई।

सेवा और समर्पण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए महापौर विभा कुमारी और जितेंद्र यादव द्वारा रजनी चौक, कटिहार मोड़ एवं शिवनगर में सेवा शिविर लगाए गए। इन शिविरों में श्रद्धालुओं को ठंडा पानी, नींबू पानी, जूस, शरबत, फल, मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। दोनों जनप्रतिनिधि स्वयं सहयोगियों के साथ सेवा कार्य में जुटे रहे, जिसने लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया।



महापौर विभा कुमारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और आदर्शों के प्रतीक हैं। रामराज की परिकल्पना समाज में सत्य, धर्म, नैतिकता और सद्भाव की स्थापना का संदेश देती है। उन्होंने सीमांचल की गंगा-जमुनी तहजीब को इस परंपरा की पहचान बताते हुए भाईचारे को बनाए रखने की अपील की।वहीं जितेंद्र यादव ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर बल देते हुए कहा कि मर्यादा और अनुशासन से ही आदर्श समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने क्षेत्र की एकता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया।

विशाल भीड़ के बावजूद पूरे आयोजन के दौरान विधि-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था सुचारू रही, जिसके लिए महापौर ने पुलिस प्रशासन और सहयोगी नागरिकों की सराहना की।इस अवसर पर शोभायात्रा के संयोजक प्रवीण चौरसिया, मृगेंद्र देव, राजीव राय, गुप्तेश कुमार, राकेश कुमार, आमोद मंडल, राजू मंडल, बहादुर यादव, अमित सोनी, नवल जायसवाल, अंजनी साह, स्वपन घोष, मुकेश राय, मुरारी झा, दिलीप चौधरी, नीतू दा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने रामनवमी के इस पर्व को और भी श्रद्धामय और यादगार बना दिया।

# केनगर में भव्य रामनवमी शोभायात्रा, आस्था और उल्लास से गूंजा चम्पानगर

**न्यूज स्केल केनगर।**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के नगर चम्पानगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से रामनवमी उपरांत दसवीं तिथि, 28 मार्च 2026 को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।पुलिस इंस्पेक्टर जयप्रकाश सिंह, दंडाधिकारी सह बीडीओ आशीष कुमार, राजस्व अधिकारी भवेश कुमार सिंह तथा थानाध्यक्ष अनुपम राज की निगरानी में जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी।



शोभायात्रा का शुभारंभ दुर्गा मंदिर चम्पानगर से हुआ, जो बैद्यनाथ उच्च विद्यालय मार्ग, पेट्रोल पंप, चम्पानगर बाजार, रामनगर मार्ग, चंडीराय टोला, प्राणपट्टी टोला, काली बाग, गांधी चौक और चरैया रहिका होते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे।शोभायात्रा में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर सुसज्जित रथों में भगवान श्रीराम सहित विभिन्न देवी-देवताओं के तैल चित्र आकर्षण का केंद्र बने रहे। सैकड़ों श्रद्धालु, बाइक सवार युवा और रामभक्त पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और "जय श्रीराम" व "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की, जबकि जगह-जगह पेयजल व शर्बत की व्यवस्था कर सेवा भाव का परिचय दिया गया। गणमान्य लोगों की भागीदारी ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया।

# रामनवमी शोभायात्रा में सेवा भाव : लस्सी एवं खीर वितरण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

रामनवमी के पावन अवसर पर चित्र वाणी सेवा समिति एवं विश्वामित संघ द्वारा भव्य शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच लस्सी एवं खीर का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन राय, गौरव चंद्रवंशी, विक्रम राय, विनोद कामती, गंगा शर्मा, मुकेश शर्मा, नीरज यादव, वीरेंद्र शर्मा, रिंकू यादव, सोनू शाह, राजेश पटेल, अमरजीत राय, रणबीर राय, आस्था कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, स्वीटी कुमारी, सौरभ चंद्रवंशी, कार्तिक शाह, रवि प्रकाश एवं दिलावर यादव उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

# पूर्णिया में गैस की कोई किल्लत नहीं : एक दिन में 6852 सिलेंडर वितरण, 22837 स्टॉक में उपलब्ध

**न्यूज स्केल पूर्णिया।**

जिले में एलपीजी गैस को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। शनिवार को जिलेभर में 6852 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया, जबकि 22837 सिलेंडर अब भी विभिन्न गैस एजेंसियों के गोदामों में उपलब्ध हैं।

अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर उरांव ने बताया कि जिले में संचालित सभी एलपीजी एजेंसियां नियमित रूप से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करा रही हैं। वर्तमान में पूर्णिया जिले में कुल 71 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जो



निर्धारित व्यवस्था के तहत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं।

**शिकायतों का त्वरित समाधान, निगरानी व्यवस्था मजबूत** जिला प्रशासन के अनुसार 15 मार्च 2026 से अब तक एलपीजी गैस से संबंधित कुल 205 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका शत-प्रतिशत निष्पादन कर दिया गया है। शनिवार को भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 38 स्थानों पर अधिकारियों द्वारा छापेमारी एवं निरीक्षण किया गया, ताकि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

**तय समय चक्र के अनुसार हो रही आपूर्ति:** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का निर्धारित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि लगभग 25 दिनों की है। इसी निर्धारित व्यवस्था के तहत गैस की आपूर्ति और होम डिलीवरी की सेवा लगातार जारी है।

**शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी:** यदि किसी उपभोक्ता को गैस से संबंधित कोई शिकायत दर्ज करानी हो, तो वह जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319 / 242317 / 242320 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

**कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश:** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने कालाबाजारी एवं मुनाफाखोरी पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**अफवाहों से बचें, घबराकर बुकिंग न करें:** जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में गैस सिलेंडर की बुकिंग न कराएं। नियमानुसार बुकिंग करने पर समय पर होम डिलीवरी उपलब्ध कराई जा रही है।

**लगातार जारी है निगरानी और कार्रवाई:** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से औचक छापेमारी जारी है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

## पूर्णिया समाहरणालय में पीएनजी कनेक्शन के लिए विशेष कैम्प आयोजित

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

■ **30 आवेदनों का हुआ पंजीकरण, विभिन्न संस्थानों ने दिखाई रुचि**



जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) के निर्देश पर शनिवार को समाहरणालय स्थित प्रज्ञान सभागार में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया गया।

इस कैम्प में सोसाइटी, कॉलोनी, सरकारी संस्थानों, होटल, रेस्टोरेंट तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए नए पीएनजी कनेक्शन लेने को लेकर लोगों ने उत्साह दिखाया। कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही पंजीकरण भी किया गया।

कैम्प के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया, इसके लाभ और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी। इससे लोगों में गैस पाइपलाइन कनेक्शन के प्रति जागरूकता बढ़ी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री रविशंकर उरांव, पीएनजी के वरीय सिटी मैनेजर, गैस पाइपलाइन प्रबंधक, नगर निगम पूर्णिया के पणन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्णिया में रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हुईं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता, बोलीं—धर्म, संस्कृति और सद्भाव की जीवंत मिसाल है पूर्णिया

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा बिहार की नेता डॉ. धर्मशीला गुप्ता शनिवार को पूर्णिया पहुंचीं, जहां उन्होंने रामनवमी के अवसर पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा में भाग लिया। इससे पूर्व उन्होंने उप महापौर पल्लवी गुप्ता, भाजपा नेता अरविन्द कुमार साह उर्फ़ भोला साह के आवास पर एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने पूर्णिया की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत की सराहना की।





प्रेस को संबोधित करते हुए डॉ. गुप्ता ने कहा कि पूर्णिया की धरती धर्म की धरती है, जहां लोगों के दिलों में भगवान श्रीराम बसते हैं। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के विजय स्वरूप निकाली जा रही यह शोभा यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि इसकी भव्यता और इसमें उमड़ा जनसैलाब यह दर्शाता है कि पूर्णिया धर्म, मर्यादा, संस्कृति और सद्भाव का जीता-जागता उदाहरण है।

उन्होंने इसे अपने लिए सौभाग्य का क्षण बताते हुए कहा कि ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर पूर्णिया में उपस्थित होना गर्व की बात है। डॉ. गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण एक अद्वितीय कार्य है, जिससे देशभर के सनातन धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान श्रीराम की धर्मपत्नी माता सीता बिहार की बेटी हैं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पुनौरा धाम में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने माता सीता को नारी सशक्तिकरण से जोड़ते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों तक भगवान श्रीराम तिरपाल के नीचे रहे, जो कांग्रेस शासन की देन थी। लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, जो आज विश्वभर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है और सनातन धर्मावलंबियों के लिए गर्व का विषय है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उप महापौर पल्लवी गुप्ता, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के अरविन्द कुमार उर्फ भोला साह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम अंशुल कुमार का औचक निरीक्षण, छात्रावास व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**मेस, पुस्तकालय, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा, छात्रों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर**



अंशुल कुमार, जिला पदाधिकारी पूर्णिया द्वारा शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावास-1 एवं छात्रावास-2 का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्रावास में संचालित मेस, पुस्तकालय, साफ-सफाई की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा छात्रों के पठन-पाठन से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने विभागीय मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की।

मौके पर उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित छात्रावास के अधीक्षकों को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि छात्रों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए पठन-पाठन की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। साथ ही मेस का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी आवश्यक सुविधाएं नियमानुसार नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि छात्र एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण में अध्ययन कर सकें।

## भवानीपुर में भव्य, आकर्षक व विशाल रामनवमी शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**न्यूज स्केल भवानीपुर**

रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को भवानीपुर नगर पंचायत में भव्य, आकर्षक एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्रीराम सेवासंघ भवानीपुर इकाई के तत्वावधान में निकाली गई इस शोभायात्रा में प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी पंचायतों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या राम मंदिर में स्थापित प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के स्वरूप में तैयार की गयी 10 फीट ऊंची प्रतिमा रही, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके अलावा सजे-धजे रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं श्री हनुमान के रूप में सजे श्रद्धालुओं ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं भारत माता के रूप में सजी छात्राओं की प्रस्तुति भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में बंगाल से आए अघोरियों द्वारा प्रस्तुत तांडव नृत्य ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे 'जय श्रीराम' एवं 'जय हनुमान' के गगनभेदी नारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। अपर थानाध्यक्ष पल्लवी कुमारी एवं सअनि बीरेंद्र कुमार नट के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकी।

रामनवमी के इस आयोजन ने भवानीपुर क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

## रामनवमी पर रंगरा बासा में भव्य कलश शोभायात्रा, 501 कुमारी कन्याओं व महिलाओं की सहभागिता

**न्यूज स्केल टीकापट्टी**

रामनवमी के पावन अवसर पर टीकापट्टी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर छर्रापट्टी पंचायत अंतर्गत रंगरा बासा स्थित महंत बाबा स्थान से शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में 501 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

कलश यात्रा महंत बाबा स्थान से प्रारंभ होकर छपरापट्टी स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ जल भरने की परंपरा निभाई। इसके बाद कलश यात्रियों का जत्था गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः पूजा स्थल पर पहुंचा।



यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा।

आयोजन के दौरान ग्रामीणों द्वारा पूजा पंडाल की समुचित व्यवस्था की गई थी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर श्रद्धा व्यक्त करते नजर आए।

कार्यक्रम को सफल एवं शांतिपूर्ण बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं टीकापट्टी थाना पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे पूरे आयोजन का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगरा बासा, छर्रापट्टी में निकली यह कलश शोभायात्रा आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरी, जिसमें ग्रामीणों की एकजुटता और धार्मिक उत्साह साफ झलकता रहा।

## भक्ति, उत्साह और भव्यता का संगम : धमदाहा में गूंजी रामनवमी शोभायात्रा

**न्यूज स्केल धमदाहा**

रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को धमदाहा पूरी तरह श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंग गया। हाई स्कूल मैदान से निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था और हर गली-मोहल्ला राममय नजर आया।

सुबह 9 बजे शुरू हुई यह शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए दोपहर 12:30 बजे थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा मुख्य बाजार, बनमनखी रोड, पासवान टोला, नेहरू चौक, हॉस्पिटल रोड और



काली मंदिर जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।

इस भव्य आयोजन की खास आकर्षण रहीं बिहार सरकार की मंत्री लेशी सिंह, जिनकी उपस्थिति ने रामभक्तों के उत्साह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। हाई स्कूल मैदान में कमिटी सदस्यों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग के साथ दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्वयं लगातार निगरानी करते रहे, जिसके कारण शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सकी।

शोभायात्रा कमिटी के अध्यक्ष हितेश गांधी ने बताया कि यात्रा तय समय और निर्धारित मार्ग के अनुसार सफलतापूर्वक निकाली गई। हालांकि मार्ग में आंशिक बदलाव के कारण कुछ छोटी असुविधाएं जरूर हुईं, जिन्हें अगले वर्ष दूर कर लिया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री लेशी सिंह की उपस्थिति और अनुकूल मौसम ने आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा दिए। श्रद्धा, उत्साह और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के संग यह शोभायात्रा धमदाहा के इतिहास में एक यादगार आयोजन के रूप में दर्ज हो गई।

## श्री श्री 1008 अखंड महाविष्णु यज्ञ कलश यात्रा के साथ चौका कपडिया बनगामा में हुआ शुरू

**न्यूज स्केल अमौर**

अमौर प्रखंड के चौका कपड़िया बनगमा में श्री श्री 1008 अखंड महा विष्णु यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर 1008 कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सिर पर कलश रखकर यज्ञ स्थल से यात्रा प्रारंभ की। यात्रा चौका कपड़िया, मीलहाट, रंगामाटी और अरताहा



होते हुए रौटा दास पुल तक पहुंची।

**दास नदी से जल भरकर लौटीं श्रद्धालु:** रौटा दास पुल के समीप दास नदी में पंडित यमुना झा के नेतृत्व में वैदिक विधि से जल भरने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए सरबत, ठंडा पानी और नींबू पानी की व्यवस्था की गई थी।

**विशाल प्रतिमाएं बनीं आकर्षण का केंद्र:** यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया कि यहां स्थापित 15 फीट ऊंची भगवान विष्णु की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा 108 देवी-देवताओं की मूर्तियां भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। बंगाल से आए 11 दलों द्वारा हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

**रासलीला और सत्संग का विशेष आयोजन:** यह यज्ञ 29 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगा। प्रतिदिन रात 9 बजे से 2 बजे तक रासलीला का आयोजन होगा। मेले में मीना बाजार और झूले भी आकर्षण का केंद्र हैं। 5 और 6 अप्रैल को पलटू बाबा के सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में कई स्थानीय लोग सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

# अररिया में रसोई गैस आपूर्ति सामान्य, 193 शिकायतों में 115 का निपटारा

**न्यूज स्केल अररिया**



जिले में रसोई गैस की उपलब्धता और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला आपूर्ति कार्यालय, अररिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है और सभी एजेंसियों के माध्यम से नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**193 शिकायतों में से 115 का हुआ निष्पादन**: जिला नियंत्रण कक्ष में 17 मार्च से 28 मार्च 2026 तक रसोई गैस आपूर्ति से संबंधित कुल 193 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 115 शिकायतों का सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 78 शिकायतें अभी लंबित हैं। प्रशासन ने लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए संबंधित गैस एजेंसियों के एरिया मैनेजरों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

**गैस एजेंसियों पर छापेमारी, स्टॉक की हुई जांच**: जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज जिले की 10 गैस एजेंसियों पर छापेमारी की गई। इस दौरान आपूर्ति व्यवस्था, वितरण प्रक्रिया एवं स्टॉक की गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि सभी एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं और उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति दी जा रही है।

**प्रशासन की अपील, अफवाहों से बचें**: जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही, किसी भी समस्या की स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर पर संपर्क करने को कहा गया है। प्रशासन ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे पारदर्शिता के साथ कार्य करें और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे।

# किशनगंज में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

**न्यूज स्केल किसनगंज**



जिला पदाधिकारी विशाल राज ने बताया कि किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। वर्तमान में जिले में 8535 से अधिक एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन को घबराने या किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

**होम डिलीवरी व्यवस्था हुई सुचारू**: जिले में एलपीजी सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से शुरू कर दी गई है। अब उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी तक जाने की जरूरत नहीं है। वे घर बैठे ही बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें पूर्व की भांति 2 से 3 दिनों के भीतर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रभावी ढंग से लागू की गई है।

**बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित** जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं के लिए पुनः बुकिंग की समय-सीमा भी निर्धारित की है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद ही अगली बुकिंग की अनुमति होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य सुचारू वितरण सुनिश्चित करना और अनावश्यक मांग को नियंत्रित करना है।

**कालाबाजारी पर सख्त निगरानी**: कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी की जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 06456-225152 है। अब तक एलपीजी से संबंधित 2 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका समय पर निपटारा कर दिया गया है।

## आर एन साह चौक बना श्रीराम चौक, उमड़ा आस्था का महाकुंभ

# श्रीराम जानकी महावीर मंदिर समिति के सेवाभाव से गदगद हुए शोभायात्रा में शामिल रामभक्त

**न्यूज स्केल धमदाहा**





पूर्णिया के हृदय स्थली आर एन साह चौक पर अवस्थित प्रसिद्ध श्रीराम जानकी महावीर मंदिर समिति के सदस्यों ने शनिवार को आर एन साह चौक पर लाखों की संख्या में उमड़े रामभक्तों पर पुष्प वर्षा कर भावविभोर कर दिया। श्रीराम जानकी महावीर मंदिर समिति ने स्टाल लगाकर शोभायात्रा में शामिल हजारों रामभक्तों को महाभोग प्रसाद, मैंगो जुस, और शीतल पेय पिलाकर स्वागत और अभिनन्दन किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा के सुरक्षा में जगह-जगह लगे सुरक्षा कर्मियों एवं प्रशासन के अधिकारियों को महाभोग प्रसाद एवं पेयजल उपलब्ध कराया। मंदिर समिति के सेवा भाव से रामभक्तों में काफी खुशी देखी गई। जिला प्रशासन, अनुमंडल प्रशासन के अधिकारियों ने भी श्रीराम जानकी महावीर मंदिर समिति के सेवा कार्यों की प्रशंसा की। हजारों रामभक्तों ने श्रीराम जानकी महावीर मंदिर समिति आर एन साह चौक पूर्णिया की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। समिति द्वारा रामभक्तों के स्वागत के लिए बड़े बड़े स्वागत द्वार बनाए गए थे। मंदिर समिति के सेवा भाव,उत्कृष्ट और व्यापक व्यवस्था रामभक्तों को रुकने पर विवश कर रहा था। समिति के अध्यक्ष श्री आदित्य केजरीवाल, सचिव आदित्य कुमार कर्ण के साथ साथ समिति के अन्य पदाधिकारी पवन कुमार पोद्दार, डा आलोक कुमार, डॉ अंगद चौधरी,निर्मल कुमार जैन,एस के सरोज, दिलीप तिवारी, गौतम भौमिक, आलोक लोहिया, प्रमोद पंसारी, जानसन जी, उज्जवल गुप्ता, इन्द्रजीत प्रसाद साह, प्रदीप शारदा, परिमल सिंह, अनिल लोहिया, सुनील लोहिया,राजू झा, मुन्ना पारिक, स्वाति अग्रवाल, संजय गर्ग, मिथलेश सिंह, अवधेश सिंह, प्रवीण शारदा,दीपु जी,अभिनव केजरीवाल, राजकुमार पंसारी, डब्ल्यू पंसारी, सुबोध कुमार, दीपक कुमार, राजेश लोहिया, दीपक झा, नन्द किशोर सिंह,शशांक शेखर सिंह, विवेकानंद यादव, नन्दकिशोर गुप्ता, मनोहर कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ सप्पु , रविन्द्र चौधरी, दिनेश, पुजारी शिवानन्द महाराज, रामोतार दास,बनबारी लाल सहित अनेक लोग रामभक्तों के सेवा और स्वागत में मुस्तैद दिखे।आर एन साह चौक जो शहर का प्रवेशद्वार एवं मुख्य चौराहा है शोभायात्रा में शामिल लाखों रामभक्तों के जन सैलाव एवं जय श्रीराम के जयघोष से गूंजायमान रहते हुए अयोध्या सा दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। अखंड रामायण पाठ से वातावरण राममय दृष्टिगोचर हो रहा था।

# भारी बारिश से कसबा में जलजमाव, जनजीवन प्रभावित; नाला निर्माण की मांग फिर हुई तेज

**न्यूज स्केल कसबा**



नगर परिषद भवन के सामने सड़क पर जलजमाव का दृश्य।

शनिवार देर रात हुई तेज बारिश और मेघ गर्जन के बाद कसबा नगर परिषद क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई प्रमुख सड़कों और बाजार क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।नगर परिषद भवन के सामने सड़क पर पानी भर जाने से यहां लगने वाला मवेशी हाट प्रभावित होने लगा है। इसके अलावा कॉलेज रोड, नेहरू चौक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, गुदरी बाजार, मदारघाट तथा गढ़बनैली बाबा भोलेनाथ मंदिर के आसपास भी जलजमाव की समस्या गंभीर रूप लेती दिख रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के कारण कई जगहों पर पानी का निकास नहीं होने से सड़कों पर लंबे समय तक पानी जमा रहता है। इससे आवागमन बाधित हो रहा है और लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। कई लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी असमर्थ हो रहे हैं।इस स्थिति के बीच एक बार फिर नगर परिषद क्षेत्र में समुचित नाला निर्माण की मांग तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में ऐसी समस्या उत्पन्न हो जाती है।

प्रशासन से स्थानीय नागरिकों ने जल्द ठोस कदम उठाकर जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# नवरस के रंग में रंगे नन्हें कलाकार, अभिनय कार्यशाला का दूसरा दिन रहा खास

**न्यूज स्केल पूर्णिया।**

- **विश्व रंगमंच दिवस पर बच्चों ने सीखे अभिनय के नौ रंग, आत्मविश्वास और रचनात्मकता में हुआ विस्तार**



विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर "बुद्धा विज्डम वर्ल्ड सोसाइटी, मिल्की रंगपुरा" के तत्वावधान में डॉन बॉस्को मिशन स्कूल, भवानीपुर में आयोजित पांच दिवसीय अभिनय कार्यशाला का दूसरा दिन उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों को भारतीय नाट्य परंपरा के महत्वपूर्ण अंग नवरस (Navras) का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बच्चों ने शृंगार, वीर, करुण, रौद्र, हास्य, भयानक, बीभत्स, अद्भुत एवं शांत रस के विभिन्न भावों को मंच पर अभिव्यक्त करने का अभ्यास किया।कार्यशाला के निर्देशक रजनीश आर्या ने प्रतिभागियों को अभिनय के विविध आयामों से अवगत कराया। उन्होंने इंप्रोवाइजेशन सत्र के माध्यम से बच्चों को बिना पूर्व तैयारी के मंच पर प्रस्तुति देने का अभ्यास कराया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और रचनात्मक सोच का विकास हो सके।

इस अवसर पर पार्थ, शिवम, पुरुषोत्तम, सत्यम, सुधांशु, अभिनव, सोनू, अंकुश, अंबुज, अंकित, छोटू, गल्फराज, सूरज सहित कुल 23 अन्य बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।


संस्था के सचिव एवं कार्यशाला प्रभारी निर्मल कुमार ने भी उपस्थित रहकर विभिन्न गतिविधियों और रोचक खेलों के माध्यम से बच्चों को अभिनय की बारीकियों से परिचित कराया।

वहीं विद्यालय के निदेशक रूपेश कुमार रॉय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यशाला का यह चरण न केवल बच्चों के लिए सीखने का मंच बना, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित

# ठाकुरगंज सीएचसी प्रभारी पर घूसखोरी, उत्पीड़न और निजी अस्पताल में ड्यूटी का आरोप, जांच के आदेश

**न्यूज स्केल किशनगंज**





ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अखलाकुर रहमान पर घूसखोरी, मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न तथा पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री बिहार सरकार डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल को लिखित शिकायत भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों से इंसेंटिव राशि के साथ-साथ वेतन से भी अवैध रूप से घूस की मांग की जाती है। आरोप है कि राशि नहीं देने पर सीएल/एसएल अवकाश स्वीकृत नहीं करने और प्रताड़ित करने की धमकी दी जाती है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सप्ताह में मात्र तीन दिन (सोमवार, मंगलवार और बुधवार) ही ठाकुरगंज में रहते हैं, जबकि शेष दिनों में पूर्णिया स्थित एक निजी अस्पताल में कार्य करते हैं। उन्होंने पिछले तीन महीनों के मोबाइल लोकेशन की जांच कर सत्यता सामने लाने की मांग की है। इसके अलावा शिकायत में कुछ एएनएम कर्मियों के साथ अनुचित संबंध होने का भी आरोप लगाया गया है।शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि प्रभारी द्वारा महिला स्वास्थ्यकर्मियों को अलग-अलग बुलाकर दबाव बनाया जाता है तथा "खुश रखने" पर सुविधा देने की बात कही जाती है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जो कर्मचारी इस तरह के दबाव में नहीं आते, उन्हें टारगेट कर परेशान किया जाता है। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर उन्होंने मंत्री से जांच टीम गठित कर मामले की गहन जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी किशनगंज को समुचित जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अब देखना होगा कि जांच के बाद इस मामले में क्या कार्रवाई होती है।हिन्दुस्थान समाचार/धर्मेन्द्र सिंह

# शराब पीए युवक की इलाज के दौरान मौत



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के लालपुर भादेव गांव निवासी सुभाष कुमार राम की मौत बीते रात लगभग डेढ़ बजे इलाज के दौरान हो गई। बताया जा रहा है कि सुभाष कुमार राम करीब दो महीने बाद घर लौटे थे। घर आने के कुछ ही दूरी पर वह शराब के नशे में खेत में पड़े हुए मिले। एक बच्चे द्वारा इसकी सूचना परिजन को दी गई। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो देखा कि सुभाष बदहवास हालत में खेत में पड़े हैं और उनके शरीर से शराब की तेज गंध आ रही थी। स्थिति गंभीर देखते हुए परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान देर रात करीब 1:30 बजे उनकी मौत हो गई।

मृतक के साले ने बताया कि उसकी बहन की शादी वर्ष 2019 में सुभाष कुमार राम के साथ हुई थी। लेकिन शादी के 15-20 दिन बाद ही उसकी बहन ससुराल छोड़कर मायके आ गई थी। साले ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को ससुराल में सम्मान नहीं मिला। अब सुभाष की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चलती ट्रेन में चढ़ना और उतरना हो सकता है जानलेवा




**भागलपुर,** (हि.स.)। ट्रेन की सीटी बजने और उसके प्रस्थान के बीच का क्षण अक्सर रेलवे प्लेटफॉर्म पर सबसे खतरनाक होता है। कई लोगों के लिए, चलती हुई ट्रेन को देखकर उस पर दौड़कर चढ़ने की एक स्वाभाविक इच्छा पैदा होती है, लेकिन यह दौड़कर चढ़ने की आदत एक ऐसा जुआ है। जिसकी कीमत बहुत भारी हो सकती है।

रेलवे प्लेटफॉर्म को सुरक्षित चढ़ने के लिए तब डिजाइन किया गया है जब ट्रेन स्थिर हो, न कि दौड़ने के लिए। जब कोई यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता है, तो वह भौतिकी के नियमों के खिलाफ जाता है। एक भारी-भरकम ट्रेन की गति और प्लेटफॉर्म तथा पटरियों के बीच की संकरी, घातक खाई के बीच संतुलन बनाना बेहद खतरनाक होता है। जैसा कि हाल की घटनाओं से स्पष्ट है, एक पल की फिसलन या संतुलन खोना, एक सामान्य यात्रा को पलक झपकते ही जानलेवा हादसे में बदल सकता है।

पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल इन भयावह क्षणों में जीवन और मृत्यु के बीच की पतली रेखा साबित हुई है। 29 सितंबर, 2025 को दम दम जंक्शन पर, सामान के साथ एक यात्री लगभग खाई में गिर गया था, जिसे समय रहते बचा लिया गया। इसी तरह 17 नवंबर, 2025 को जसीडीह स्टेशन पर एक यात्री चलती एक्सप्रेस में चढ़ते समय फिसल गया और 9 दिसंबर 2025 को भागलपुर में एक महिला को पटरियों पर गिरने से बचाया गया। 13 जनवरी, 2026 को साहिबगंज में एक मां और बच्चे को दुर्घटना से बचाया गया, जिसके बाद 24 जनवरी, 2026 को जसीडीह में एक युवती को भी सुरक्षित निकाला गया। फरवरी में भी खतरा जारी रहा, जब कई लगभग घातक घटनाएं सामने आईं। हाल ही में, 20 फरवरी, 2026 को सुल्तानगंज में एक बुजुर्ग व्यक्ति को चलती ट्रेन से लटकने की स्थिति से बचाया गया। इन सभी मामलों में, रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता ने त्रासदी को टाल दिया, लेकिन जो लोग बुनियादी सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं, उनके लिए जोखिम अभी भी बहुत अधिक है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि हालांकि रेलवे सुरक्षा बल हमेशा यात्रियों की सुरक्षा के लिए सतर्क रहती है, लेकिन यात्रियों को भी अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। उन्होंने सभी यात्रियों से अनुरोध किया कि वे कभी भी चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्लेटफॉर्म प्रतीक्षा करने के लिए है और पटरियां केवल ट्रेनों के लिए हैं।

उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे यह याद रखें कि कुछ मिनट देर से पहुंचना हमेशा बेहतर है, क्योंकि कोई भी जल्दबाजी जानलेवा दुर्घटना के जोखिम के लायक नहीं है।

# डीएम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

**न्यूज स्केल, सुपौल**

जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने शनिवार को टाउन हॉल, सुपौल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ये प्रतियोगिताएं 24 मार्च 2026 को आयोजित की गई थीं, जिनमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।





**वाद-विवाद प्रतियोगिता के परिणाम:** वाद-विवाद प्रतियोगिता में कई विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। "विद्यार्थी की सफलता के लिए खेल से ज्यादा किताबें महत्वपूर्ण हैं" विषय पर कबीर कृपानाथ +2 उच्च विद्यालय हरिहरपुर (छातापुर) के पीयूष कुमार राय एवं नीलू कुमारी विजेता रहे। वहीं "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव रचनात्मकता के लिए खतरा है" विषय पर मध्य विद्यालय मलहद्द, सुपौल की दीक्षा कुमारी एवं अंकित आनंद विजेता बने। "इंटरनेट एवं मोबाइल फोन एक वरदान है" विषय पर +2 उच्च विद्यालय सुखपुर की आयत अफरोज एवं खुशी कुमारी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। "कोशी नदी बिहार के लिए अभिशाप है या संपत्ति का स्रोत बन सकती है" विषय पर +2 एल.एन.एल.एन. प्रोजेक्ट गर्ल्स उच्च विद्यालय त्रिवेणीगंज की कोमल कुमारी एवं विभा परिहार विजेता रहीं।

**समूह चर्चा और एक्सटेम्पोर में प्रतिभा का प्रदर्शन:** समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) प्रतियोगिता में "बिहार में बापू—चम्पारण सत्याग्रह का प्रभाव" विषय पर उच्च विद्यालय चकडुमरिया की निशा कुमारी विजेता बनीं, जबकि "साहित्य और बिहार" विषय पर उच्च विद्यालय बारा एकमा की राजलक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तत्क्षण भाषण (एक्सटेम्पोर) प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 वर्ग में रेजिडेंशियल गुरुकुल स्कूल, त्रिवेणीगंज की जिज्ञासा सिंह प्रथम, तेजेन्द्र उच्च विद्यालय बरुआरी की श्रुति श्रेया द्वितीय तथा मध्य विद्यालय रसुआर के पिंटू कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

**कक्षा 9 से 12 वर्ग के विजेता**
कक्षा 9 से 12 वर्ग में आर.एस.एम. पब्लिक स्कूल, सुपौल के आर्यन राज ने प्रथम स्थान हासिल किया। एच.एन. उच्च विद्यालय सुरजापुर (प्रतापगंज) की राजनंदनी कुमारी द्वितीय तथा उच्च विद्यालय परसा उर्दू के वास्कोडिगामा तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II को लेकर जिलास्तरीय समिति की बैठक





**न्यूज स्केल, सुपौल।**

डीएम सावन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II (VVP-II) के अंतर्गत कार्य योजना से योजनाओं के चयन को लेकर जिलास्तरीय समिति (DLC-VVP-II) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित योजनाओं के चयन की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी वीरपुर एवं निर्मली तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंतपुर एवं निर्मली को आपसी समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र कार्य योजना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि योजनाओं के चयन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। बैठक में जिलास्तरीय समिति के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिमराही नगर पंचायत में रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न

**न्यूज स्केल, राघोपुर**



सिमराही नगर पंचायत में रामनवमी के पावन अवसर पर ठाकुरबाड़ी से प्रारंभ होकर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं पवनपुत्र हनुमान जी की भव्य झांकी के साथ नगर परिक्रमा अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ सम्पन्न हुई। इस दौरान पूरे नगर में भक्तिमय और उत्सवमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत ठाकुरबाड़ी परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जहां भगवान श्रीराम और माता सीता का तिलक कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बविता दीदी ने तिलक कर यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, धर्मप्रेमी नागरिक और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आकर्षक झांकियों, पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ आगे बढ़ती रही। "जय श्रीराम" के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था की गई। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करने का संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक समिति, समाजसेवियों और नगरवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# मटियारी वार्ड 11 में भीषण आग, तीन परिवारों के घर जलकर राख

**न्यूज स्केल, बलुआ बाजार।**

छातापुर प्रखंड क्षेत्र के बलुआ पंचायत अंतर्गत मटियारी वार्ड नंबर 11 में शुक्रवार की शाम अचानक आग लगने से तीन परिवारों के तीन घर जलकर पूरी तरह राख हो गए। इस अगलगी की घटना में घर में रखा चावल 50 किलो , गेहूं , 150 किलो , चौकी एक , कपड़ा, बर्तन , जेवर , एवं नगद 18 हजार रुपया पूरी तरह आग में जलकर राख हो गया। पीड़ित व ग्रामीणों के अनुसार अगलगी की इस घटना में लगभग तीन लाख रुपये से अधिक की क्षति पहुँची है।





बताया जाता है कि शाम के समय अचानक एक घर से आग की लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते आग ने आसपास के दो अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें तेज होने से कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बाद में ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना अग्निशमन दल को दी गयी । सूचना मिलते ही बलुआ ,वीरपुर एवं प्रतापगंज की तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक रूबी देवी पति विनय कुमार राय , देवंती देवी पति अजय कुमार राय एवं मसोमात सोनिया देवी पति स्व राजेन्द्र राय तीनों परिवारों के घर और उसमें रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। उधर घटना को लेकर पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से सहायता की मांग की है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और पीड़ितों को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इस बाबत छातापुर बीडीओ सह प्रभारी सीओ डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा अगलगी की घटना की जानकारी मिली है । स्थल जांच के लिए लक्ष्मीनियाँ पंचायत के राजस्व कर्मचारी अरुण कुमार को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी सरकारी प्रावधान है हर संभव पीड़ित परिवार को मुहैया कराया जाएगा। मौके पर सरपंच रामदास राय , वार्ड सदस्य रमेश राय , रंजीत मिश्र , रामफल राय , राजकुमार राय , पवन राय ,हरिओम राय, ललित मंडल , अर्जुन मंडल , रामाधीन मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# वारंटी अभियुक्त मोहम्मद जुबेर गिरफ्तार, जेल

**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**



त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, त्रिवेणीगंज थाना के डिट्रेस वारंट के तहत महेशुआ गांव निवासी मोहम्मद जुबेर (पिता– मोहम्मद लुकमान) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में अभियुक्त को उसके गांव महेशवा से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में लंबित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

# एसएसबी और प्राथमिक सह कन्या मध्य विद्यालय, बीरपुर द्वारा ड्रग अवेयरनेस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**न्यूज स्केल, सुपौल**

सुपौल के बीरपुर स्थित प्राथमिक सह मध्य विद्यालय में सशस्त्र सीमा बल की 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह के कुशल निर्देशन में ड्रग अवेयरनेस (नशा मुक्ति) जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



**उद्देश्य एवं संदेश:** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों, शिक्षकगण एवं ग्रामीणों को नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी:** एसएसबी के जवानों ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की सलाह दी गई।

. **सहभागिता एवं संकल्प** कार्यक्रम में बीरपुर स्थित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु जागरूक रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। एसएसबी द्वारा भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

# भूमि विवाद मामलों के निष्पादन को लेकर अंचल में बैठक, पांच मामलों का हुआ निपटारा



**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**

त्रिवेणीगंज प्रखंड में भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ प्रियंका कुमारी एवं थानाध्यक्ष राकेश कुमार की मौजूदगी में विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल पांच पुराने भूमि विवाद मामलों का निष्पादन किया गया, जिससे संबंधित पक्षों को राहत मिली। वहीं बैठक के दौरान तीन नए मामलों को भी दर्ज किया गया, जिन पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।अधिकारियों ने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। बैठक में दोनों पक्षों की बातें सुनकर निष्पक्ष निर्णय लेने पर जोर दिया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे मामलों का त्वरित समाधान होता रहेगा।

# सुपौल में राजस्व कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, विभागीय उदासीनता से बढ़ा आक्रोश

**न्यूज स्केल, सुपौल**

जिले में राजस्व कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार जारी है, जिससे प्रशासनिक कार्यों पर असर पड़ने लगा है। जहां बड़ी संख्या में राजस्व कर्मचारी एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी लंबित मांगों को लेकर कई बार विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक किसी तरह की ठोस पहल नहीं की गई है।



हड़ताल में शामिल कर्मचारियों ने विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से सेवा शर्तों में सुधार, वेतन विसंगतियों के समाधान और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से लगातार अनदेखी की जा रही है।डिग्री कॉलेज चौक पर चल रहे इस धरना प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की। उनका कहना है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस हड़ताल के कारण आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि राजस्व से जुड़े कई जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं।फिलहाल विभाग की ओर से हड़ताल समाप्त कराने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष और गहराता जा रहा है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कब तक संज्ञान लेता है और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए क्या कदम उठाता है।

# कृषि सलाहकार समिति की बैठक में किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**

प्रखंड कृषि कार्यालय त्रिवेणीगंज में शनिवार को प्रखंड कृषि सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य किसानों को रबी सीजन में फसलों के रख-रखाव एवं रोग नियंत्रण के प्रति जागरूक करना था।



बैठक में उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी नीतीश कुमार ने किसानों को फसल सुरक्षा, कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम को देखते हुए फसलों में रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए समय पर उचित दवा एवं देखभाल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसान सलाहकार समिति की बैठक प्रत्येक सीजन में इसलिए आयोजित की जाती है, ताकि सभी योजनाएं धरातल पर दिखाई दे। सहायक तकनीकी प्रबंधक पंकज कुमार ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जैविक खेती, बीज वितरण, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं किसान जागरूकता शिविरों का लाभ उठाकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आत्मा योजना के द्वारा किसानों का परिभ्रमण, प्रशिक्षण, किसान पाठशाला, किसान गोष्ठी का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। सलाहकार समिति के सदस्य पवन कुमार द्वारा बताया गया कि सीजन में ससमय बीज आने से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित होंगे।

इस अवसर पर विभाग के द्वारा यह भी बताया गया कि प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से किसान सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाता है और उन्हें नई तकनीकों से अवगत कराया जाता है। बैठक में एटीएम सुबोध कुमार, स्वर्णिम कुमारी, कृषि कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार, अरविंद कुमार किसान सलाहकार योगानंद कुमार योगेश, हेमंत कुमार, विमल कुमार, पवन कुमार सहित कई प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# धूमगढ़ चैती में दुर्गा पूजा प्रतिमा का शांतिपूर्ण विसर्जन संपन्न

**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**

त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के धूमगढ़ गांव में चैती गांव में दुर्गा पूजा प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार की रात्रि शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। विसर्जन के दौरान स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस बल की तैनाती और प्रशासनिक सतर्कता के कारण कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

ग्रामीणों ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना की। विसर्जन के साथ ही क्षेत्र में दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन हो गया।

# मद्य निषेध की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश, अवैध शराब कारोबार पर कड़ी कार्रवाई पर जोर

**न्यूज स्केल सारण**



जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने मद्य निषेध के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्ष 2025 और 2026 (21 मार्च तक) की कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

**कार्रवाई के आंकड़ों की समीक्षा:** बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा 1,24,251 छापेमारी की गई, जिसमें 6,614 अभियोग दर्ज हुए और 11,339 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई। इस दौरान कुल 5,87,142 लीटर अवैध शराब जब्त की गई तथा 953 वाहन भी जब्त किए गए। वहीं वर्ष 2026 में 21 मार्च तक 31,772 छापेमारी में 1,693 अभियोग दर्ज कर 2,647 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 1,52,390 लीटर अवैध शराब और 208 वाहन जब्त किए गए।

**अधिकारियों को दिए गए निर्देश:** जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को आसूचना संकलन को मजबूत करने पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। पंचायत स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पीडीएस डीलर्स, जीविका दीदी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने को कहा गया। साथ ही अवैध शराब कारोबार से जुड़े नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई और चिन्हित व्यक्तियों के विरुद्ध सीसीए के तहत निरोधात्मक कार्रवाई प्रस्ताव भेजने का निर्देश भी दिया गया।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश एवं निगरानी व्यवस्था:** बैठक में नियमित वाहन जांच, चौकीदारी परेड में मद्य निषेध टीम की भागीदारी, तथा जनचौपाल के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। वाहन जप्ति के 30 दिनों के भीतर अधिहरण प्रस्ताव भेजने, लंबित जप्त वाहनों का मूल्यांकन 10 अप्रैल तक पूर्ण करने तथा शराब जप्ति के 15 दिनों के भीतर विनष्टीकरण प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में विभिन्न वरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सारण में सामूहिक वंदे मातरम गीत का आयोजन





**सारण,** (हि.स.)। राष्ट्र गीत वन्दे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले सभी सरकारी कार्यालयों में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला समाहरणालय सभागार में आयोजित हुआ जहाँ जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की उपस्थिति में अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने एक स्वर में राष्ट्र गीत का गायन किया। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी समेत जिले के अन्य अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वन्दे मातरम् के सामूहिक गान से हुई जिसमें स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और स्काउट एंड गाइड के कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरा वातावरण देशभक्ति के जज्बे से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा यह गीत देश के ऐतिहासिक गौरव से जुड़ा हुआ है हमें इसे सदैव अपने स्मरण करना चाहिए। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता विधि व्यवस्था, सिविल सर्जन, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्कूट एंड गाइड के कैडेट्स एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत जिले के अन्य प्रखंडों और अधीनस्थ कार्यालयों में भी सामूहिक गायन का आयोजन कर राष्ट्र गीत के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

# रामनवमी पर बिजली आपूर्ति बाधित



**न्यूज स्केल नवादा**

समाहरणालय, नवादा की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रामनवमी शोभा यात्रा के मद्देनजर 29 मार्च 2026 को नवादा नगर परिषद क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से शोभा यात्रा समाप्ति तक बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य पूर्व में ही पूरा कर लें ताकि असुविधा न हो। साथ ही, उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नवादा प्रमंडल के सभी बिजली बिल काउंटर 29 मार्च (रविवार) और 31 मार्च (महावीर जयंती) को खुले रहेंगे। मार्च माह में त्योहारों के कारण काउंटर बंद रहने से हुई परेशानी को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे उपभोक्ता समय पर बिल जमा कर सकें। इस दौरान विभाग ने लोगों से सहयोग बनाए रखने और निर्धारित समय का पालन करने का अनुरोध भी किया है ताकि व्यवस्था सुचारु बनी रहे। अवगत कराया।

# जमाखोरी व कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**न्यूज स्केल नालंदा**



नालंदा जिला प्रशासन ने एलपीजी गैस सिलिंडरों की कमी को लेकर फैली अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया है। जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति जारी है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

**एलपीजी आपूर्ति की स्थिति** जिला पदाधिकारी के अनुसार, तेल विपणन कंपनियों द्वारा नियमित रूप से गैस सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं द्वारा प्राप्त रिफिलिंग आवेदनों के आधार पर उन्हें समय पर सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे वितरण व्यवस्था सुचारू बनी हुई है।

**प्रतिदिन की औसत आपूर्ति** तेल विपणन कंपनियों के एरिया मैनेजर के अनुसार, तीनों कंपनियों की 54 एजेंसियों के जरिए प्रतिदिन औसतन करीब 16,131 एलपीजी सिलिंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि जिले में मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति बनी हुई है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

**प्रशासन की अपील और कार्रवाई:** जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे एलपीजी की कमी से संबंधित अफवाहों पर विश्वास न करें। साथ ही, समस्या समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर-06112-233168) भी संचालित किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। ऐसे मामलों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# कूड़े में मिला नवजात का शव, इलाके में सनसनी

**सीवान,** (हि.स.)। शहर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब शांति बट वृक्ष के पास कूड़े के ढेर में एक नवजात मृत बच्चे का शव बरामद हुआ। शनिवार को नगर परिषद के सफाई कर्मी जब नियमित सफाई के दौरान कूड़ा उठा रहे थे, तभी उनकी नजर इस हृदय विदारक दृश्य पर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नवजात को यहां किसने और किन परिस्थितियों में फेंका। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और इलाके में शोक व आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# पकड़ीदयाल में अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई, एक कार्यपालक सहायक का अनुबंध रद्द, तीन पर आर्थिक दंड

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

**» कार्यपालक सहायक विनय कुमार राम का अनुबंध समाप्त कर दिया गया।**



जिला–पूर्वी चंपारण (मोतिहारी): पकड़ीदयाल प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (PMAY-G) से जुड़ी अनियमितताओं के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। निदेशक, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, डीआरडीए द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर एक कार्यपालक सहायक का अनुबंध रद्द कर दिया गया, जबकि तीन कर्मियों पर आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया है।

**शिकायतों की जांच में कई स्तरों पर लापरवाही उजागर** श्रीमती पिंकी देवी, प्रमुख, प्रखंड-पकड़ीदयाल की शिकायत पर हुई जांच में यह पाया गया कि विनय कुमार राम, कार्यपालक सहायक (PMAY-G), अपने निर्धारित कार्य के विपरीत फील्ड में जाकर जियो टैगिंग और सेल्फ सर्वे कर रहे थे। जांच में लाभुकों से अवैध राशि वसूली से संबंधित ऑडियो/वीडियो साक्ष्य भी सही पाए गए। इसके साथ ही रवि शंकर कुमार, ग्रामीण आवास सहायक पर भी कई लाभुकों के चयन और भुगतान में अनियमितता तथा मिलीभगत के आरोप प्रमाणित हुए।

**आवास पर्यवेक्षक की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई** जांच में यह भी सामने आया कि मो० राशिद कुमार, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक द्वारा योजना का समुचित निरीक्षण और पर्यवेक्षण नहीं किया गया। यदि समय पर निरीक्षण किया गया होता तो अनियमितताओं को रोका जा सकता था। वहीं असरारूल हक, ग्रामीण आवास सहायक के विरुद्ध भी अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने और गलत जियो टैगिंग के मामले सामने आए।

**अनुबंध रद्द और वेतन कटौती का आदेश:** समीक्षा के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए विनय कुमार राम का अनुबंध रद्द कर दिया है। साथ ही मो० राशिद कुमार के मूल मानदेय में 10 प्रतिशत की कटौती दो वर्षों के लिए की गई है, जबकि रवि शंकर कुमार और असरारूल हक के मानदेय में 15-15 प्रतिशत की कटौती दो वर्षों के लिए अधिरोपित की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जिला पदाधिकारी की समीक्षा बैठक : शिक्षा गुणवत्ता सुधार, निपुण भारत मिशन और आधारभूत सुविधाओं पर जोर

**न्यूज स्केल नवादा**



समाहरणालय, नवादा के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत संचालित निपुण भारत मिशन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कक्षा 1 से 3 तक के कुल 90,689 बच्चों का आकलन किया गया, जिनमें 75.34 प्रतिशत बच्चे भाषा एवं गणित में निपुण पाए गए। शेष बच्चों को जून 2026 तक निपुण बनाने का निर्देश दिया गया।

**विद्यालय भवन एवं आधारभूत संरचना पर निर्देश:** जिला पदाधिकारी ने भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही एसीआर, आर्ट रूम, साइंस रूम, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी, नए भवन तथा बालक/बालिका शौचालय निर्माण कार्यों की समीक्षा कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया। नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण में भी त्वरित कार्रवाई करने को कहा गया।

**पीएम श्री योजना और मॉडल स्कूल:** बैठक में बताया गया कि जिले के 21 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया है, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इसके अलावा सभी प्रखंडों में एक-एक (कुल 14) मॉडल स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**: आरटीई, पाठ्य पुस्तक वितरण और APAAR ID** आरटीई के तहत 1,949 बच्चों को नामांकन हेतु पात्र पाया गया, जिनमें से 1,200 का नामांकन पूरा हो चुका है। कक्षा 1 से 8 तक के लिए 2,53,866 पाठ्य पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं। वहीं APAAR ID निर्माण में 3,01,130 में से 2,70,504 बच्चों का ID तैयार हो चुका है। बैठक में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

**01: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निपुण भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कक्षा 1–3 के 75.34% बच्चों को निपुण पाया गया।**

**02 : शेष बच्चों को जून 2026 तक भाषा एवं गणित में निपुण बनाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।**

# मधेपुरा में भीषण सड़क हादसा : दीनाभद्री मेला से लौट रहे चार दोस्तों में तीन की मौत



**मधेपुरा,** (हि.स.)। जिले में शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। दीनाभद्री मेला देखकर लौट रहे चार दोस्तों की कार अनियंत्रित होकर अरार थाना क्षेत्र के पास पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरी, जिससे तीन युवकों की मौत हो गई जबकि चौथे की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, सभी युवक शुक्रवार रात करीब 9 बजे स्टेशन चौक से दीनाभद्री मेला देखने के बाद मधेपुरा लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12:30 बजे अरार पुल पर तेज रफ्तार कार संतुलन खो बैठी और रेलिंग तोड़कर लगभग 20 फीट नीचे नदी में गिर गई।

हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। नदी में गिरते ही चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया।

काफी मशक्कत के बाद तीन शवों को नदी से बाहर निकाला गया, जबकि चौथे की तलाश लगातार जारी रही। बाद में प्रशासन ने चौथे मृतक की भी पहचान की पुष्टि की। पानी अधिक होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दुर्घटनाग्रस्त कार को भी नदी से बाहर निकाल लिया गया है।

**हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान:** घनश्याम कुमार (28), पिता स्व. विमल यादव, निवासी वार्ड-23, स्टेशन चौक, मधेपुरा, अंकित कुमार (27), पिता मनोज कुमार, निवासी मोकमा, थाना बसनही, जिला सहरसा, बसंत कुमार, पिता प्रमोद यादव, निवासी सौरबाजार, सहरसा, सागर कुमार, निवासी वार्ड-14, जयपालपट्टी, सदर थाना क्षेत्र, मधेपुरा है। सभी आपस में मित्र थे और साथ में मेला देखकर लौट रहे थे।

प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। पुल पर कार का संतुलन बिगड़ने के बाद वह सीधे रेलिंग तोड़ते हुए नदी में समा गई। कार के एयरबैग खुलने और शीशे टूटने की भी पुष्टि हुई है, जो टक्कर की तीव्रता को दर्शाता है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीम सक्रिय हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पूरे मामले की जांच जारी है। अधिकारियों ने कहा है कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

एक साथ तीन युवकों की मौत से मधेपुरा और सहरसा इलाके में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पुलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तेज रफ्तार पर सख्ती से नियंत्रण की मांग की है।

दीनाभद्री मेले की खुशियों के बीच लौट रहे चार दोस्तों का यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन गया। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही के खतरनाक परिणामों की ओर इशारा करता है।

# सीवान में रामनवमी मेले में 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी स्कूल ड्राइवर गिरफ्तार



**सीवान,** (हि.स.)। सीवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव में शुक्रवार शाम करीब 7 बजे रामनवमी के मेले के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। परिवार के साथ मेला देखने गई 12 वर्षीय छात्रा के साथ एक मनचले युवक ने दुष्कर्म कर दिया। आरोपी पीड़िता के ही निजी स्कूल का चालक है।

परिवार सहित मेला घूम रही नाबालिग से आरोपी ने धोखे से संपर्क किया। उसने लड़की से कहा कि "तुम्हारे जीजा मेले में दुकान लगाए हैं और बुला रहे हैं।" भोली बच्ची आरोपी के साथ चली गई, लेकिन वह उसे जीजा के पास नहीं ले गया। इसके बजाय पास के एक सुनसान स्कूल में ले जाकर उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर दिया और फरार हो गया।जब परिवार को देर होने का अहसास हुआ तो वे बच्ची को खोजने लगे। बच्ची के जीजा ने बाइक से तलाश शुरू की और स्कूल के पास सुनसान जगह पर रोती हुई बच्ची को पाया। घर ले जाने पर बच्ची के कपड़े खून से भीगे हुए थे। दादी के पूछने पर बच्ची ने सारी घटना बता दी।पुलिस की त्वरित कार्रवाईघटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और परिवार ने बसंतपुर थाने में सूचना दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी स्कूल ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित बच्ची को गंभीर हालत में रात में ही सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।यह घटना इसलिए भी ज्यादा चौंकाने वाली है क्योंकि आरोपी उसी निजी स्कूल का चालक था जहां पीड़िता पढ़ती है। विश्वास का यह घोर हनन समाज में आक्रोश पैदा कर रहा है। पुलिस आगे जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है। पीड़िता की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है।

# केंद्र ने हरित बंदरगाह, समुद्री ढांचे के विकास को दी गति, 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 30 फीसदी कमी का लक्ष्य



**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्र सरकार ने हरित बंदरगाहों और समुद्री ढांचे के विकास के लिए प्रमुख बंदरगाहों पर ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम (जीटीटीपी) लागू किया है। इसके तहत पारंपरिक डीजल चालित टग्स को इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड टग्स में बदला जा रहा है। इसके साथ ही बंदरगाहों पर नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, उपकरणों और वाहनों का विद्युतीकरण, शून्य-उत्सर्जन ट्रकों की तैनाती और हरित सागर ग्रीन पोर्ट गाइडलाइंस के तहत ऑनशोर पावर सप्लाई सिस्टम की स्थापना की गई है। इन पहलों से प्रमुख बंदरगाहों पर कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि दीन दयाल उपाध्याय, जवाहरलाल नेहरू, विशाखापत्तनम और वीओ चिदंबरनार बंदरगाहों को इलेक्ट्रिक टग्स के लिए कार्यादेश जारी किए हैं। वहीं, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने दीनदयाल बंदरगाह (गुजरात), पारादीप पोर्ट (ओडिशा) और वीओ चिदंबरनार पोर्ट (तमिलनाडु) को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में मान्यता दी है।

इन बंदरगाहों पर ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन, इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित संयंत्रों की स्थापना और ग्रीन मेथनॉल बंकरिंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। पारादीप पोर्ट पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत 797.17 करोड़ रुपये की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन या ग्रीन अमोनिया हैंडलिंग जेटी विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों (2023-24 और 2024-25) में प्रमुख बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, तटीय शिपिंग और ग्रीन पोर्ट विकास से जुड़े लगभग 180 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मैरिटाइम इंडिया विजन 2030 के तहत लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2030 तक बंदरगाहों पर नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक हो, उपकरणों का 50 प्रतिशत विद्युतीकरण हो, हरित पट्टी का क्षेत्रफल 20 प्रतिशत तक बढ़े और प्रति टन कार्गो पर कार्बन उत्सर्जन में 30 प्रतिशत कमी आए।

# रिटायरमेंट के बाद हर महीने 50,000 की इनकम कैसे सुनिश्चित करें




**नई दिल्ली,** (हि.स.) फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स के अनुसार, रिटायरमेंट के बाद हर महीने ₹50,000 की नियमित इनकम के लिए करीब ₹1.2 करोड़ से ₹1.9 करोड़ का कॉर्पस तैयार करना जरूरी है। यह राशि आपके निवेश पर मिलने वाले रिटर्न, महंगाई और आपकी जीवनशैली पर निर्भर करती है। जितनी बेहतर और समय से पहले प्लानिंग होगी, उतना ही मजबूत आपका रिटायरमेंट फंड बनेगा।

**विड्रॉल रेट का सही चयन** रिटायरमेंट के बाद पैसा निकालने की दर बेहद महत्वपूर्ण होती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि सालाना 3.5% से 6% के बीच विड्रॉल रेट सुरक्षित रहता है। अगर आप इससे अधिक राशि निकालते हैं, तो आपका फंड जल्दी खत्म हो सकता है। वहीं बहुत कम निकासी करने पर आपकी आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पाएंगी, इसलिए संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**बकेट स्ट्रैटेजी से मिलेगी स्थिरता:** बकेट स्ट्रैटेजी में निवेश को तीन हिस्सों में बांटा जाता है। शॉर्ट टर्म (0-5 साल) के लिए डेट फंड जैसे सुरक्षित विकल्प, मीडियम टर्म (5-10 साल) के लिए हाइब्रिड फंड और लॉन्ग टर्म (10+ साल) के लिए इक्विटी निवेश शामिल किया जाता है। यह रणनीति जोखिम को कम करने के साथ-साथ नियमित आय और ग्रोथ दोनों सुनिश्चित करती है।

**SWP, FD और Annuity में सही विकल्प चुनें:** SWP (सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान) म्यूचुअल फंड से नियमित और लचीली निकासी का विकल्प देता है, जो टैक्स के लिहाज से भी बेहतर माना जाता है। FD सुरक्षित है लेकिन इसमें रिटर्न सीमित और टैक्सेबल होता है। वहीं Annuity प्लान निश्चित आय देता है, लेकिन इसका रिटर्न अपेक्षाकृत कम होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, संतुलित और लचीली आय के लिए SWP एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

# शीर्षक : आरबीआई की सख्ती : 3 सरकारी बैंकों और एक फिनटेक कंपनी पर जुर्माना

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

**01: बैंक ऑफ इंडिया पर शुल्क वसूली और सावधि जमा पर ब्याज भुगतान में अनियमितताओं के चलते कार्रवाई हुई।**

----------------

**02 : पाइन लैब्स पर बिना पूर्ण केवाईसी के प्रीपेड भुगतान उपकरण जारी करने के कारण जुर्माना लगाया गया।**

----------------




भारतीय रिजर्व बैंक (Reserve Bank of India) ने निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही बरतने पर तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एक फिनटेक कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौद्रिक जुर्माना लगाया है। इस कार्रवाई के तहत Union Bank of India, Bank of India, Central Bank of India और Pine Labs शामिल हैं।

**यूनियन बैंक पर कार्रवाई**
आरबीआई ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 95.40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बैंक पर आरोप है कि अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन की शिकायतों पर समय पर राशि वापस नहीं की गई और ग्राहकों को 24 घंटे शिकायत दर्ज करने की सुविधा भी नहीं दी गई।

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना:** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 63.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। बैंक द्वारा केवाईसी रिकॉर्ड समय पर सीकेवाईसी रजिस्ट्री में अपलोड नहीं किए गए और कुछ मामलों में डुप्लीकेट बीएसबीडी खाते खोले गए। हुई।

**बैंक ऑफ इंडिया पर कार्रवाई**
बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई प्राथमिकता क्षेत्र ऋण खातों में शुल्क वसूली और सावधि जमा पर ब्याज भुगतान में अनियमितताओं के कारण

**पाइन लैब्स पर जुर्माना**
फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स पर 3.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। कंपनी पर आरोप है कि उसने पूर्ण केवाईसी प्रक्रिया पूरी किए बिना प्रीपेड भुगतान उपकरण जारी किए।

# AIIMS के डॉक्टर की सलाह : लिवर के लिए बेस्ट सब्जियां



**नई दिल्ली,** (हि.स.)AIIMS के विशेषज्ञ AIIMS के डॉक्टर डॉ. सौरभ सेठी ने बताए लिवर को मजबूत और डिटॉक्स करने के लिए सबसे फायदेमंद सब्जियों के नाम—चुकंदर, ब्रोकली, फूलगोभी और करेला, जो एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होकर लिवर की सूजन कम करने, फैटी लिवर के जोखिम को घटाने, पाचन सुधारने और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती हैं, इसलिए इन्हें रोज़ाना संतुलित आहार में शामिल कर लिवर को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखना बेहद जरूरी है।

# कश्मीरी अखरोट बनाम कैलिफ़ोर्नियाई अखरोट : सेहत के लिहाज़ से कौन है ज्यादा बेहतर?



**नई दिल्ली,** (हि.स.)कश्मीरी अखरोट और कैलिफोर्नियाई अखरोट दोनों ही पोषण से भरपूर होते हैं, लेकिन इनमें कुछ महत्वपूर्ण अंतर पाए जाते हैं। कश्मीरी अखरोट को अक्सर अधिक प्राकृतिक और पौष्टिक माना जाता है, क्योंकि इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड और नेचुरल ऑयल की मात्रा अधिक होती है, जो मस्तिष्क और हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। साथ ही, ये पारंपरिक तरीकों से उगाए जाते हैं और इनमें रसायनों का उपयोग कम होता है, जिससे इन्हें शुद्ध और ताजा माना जाता है।वहीं, कैलिफोर्नियाई अखरोट आकार में बड़े, छिलने में आसान और स्वाद में हल्के होते हैं, इसलिए ये स्नैकिंग और बच्चों के लिए अधिक सुविधाजनक हैं। कुल मिलाकर, यदि स्वास्थ्य लाभ प्राथमिकता है तो कश्मीरी अखरोट बेहतर हैं, जबकि सुविधा और उपयोग के लिहाज से कैलिफोर्नियाई अखरोट एक अच्छा विकल्प हैं।

# अफवाहों के बीच सरकार का बड़ा दावा : देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं



**नई दिल्ली,** (हि.स.)मिडिल ईस्ट तनाव के बीच पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की संभावित कमी को लेकर फैली अफवाहों पर सरकार ने स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और तत्काल किसी संकट की आशंका नहीं है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत ने पहले से तैयारी कर रखी है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। एलपीजी उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए कमर्शियल सप्लाई को चरणबद्ध तरीके से बहाल किया है तथा उद्योगों और छोटे व्यवसायों को भी राहत दी जा रही है। कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की आवश्यकता नहीं है।

# राशिफल : 29 मार्च, 2026

मेष- अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृष- बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। शुभांक-3-5-7

मिथुन - कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-2-4-6

कर्क- नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं। शुभांक-5-7-9

सिंह- कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-2-5-8

कन्या- भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-5-7

तुला - योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-2-5-7

वृश्चिक- व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें। शुभांक-4-5-7

धनु- लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-3-6-8

मकर- सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्घ गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ- मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-8

मीन- कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक-2-4-6

# पंचांग : 29 मार्च, 2026

29 मार्च 2026 को सूर्योदय के समयकी ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र कर्क में
मंगल कुंभ में
बुध कुंभ में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 06.48 बजे से
वृष 08.28 बजे से
मिथुन 10.26 बजे से
कर्क 12.39 बजे से
सिंह 14.55 बजे से
कन्या 17.07 बजे से
तुला 19.18 बजे से
वृश्चिक 21.33 ब.से
धनु 23.49 बजे से
मकर 01.54 बजे से
कुभ 03.40 बजे से
मीन 05.13 बजे से
रविवार 2026 वर्ष का 88 वा दि
दिशाशूल पश्चिम ऋतु बसंत।
विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948

मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि एकादशी 07.47 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 14.38 बजे कोसमाप्त।
योग धृति 18.20 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 07.47 बजे तदनन्तर बव 19.26 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 9.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 030 18
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872663
जूलियन दिन 2461128.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत्1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल
तारीख 09
विशेष कामदा एकादशी।




# प्रधानमंत्री ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के फेज-1 का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के प्रथम चरण (फेज-1) का शनिवार को उद्घाटन किया। यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजना मानी जा रही है, जिससे क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी।

**गणमान्य हस्तियों की मौजूदगी** इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश के एविएशन सेक्टर के विकास और भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस एयरपोर्ट:** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 3,900 मीटर लंबे रनवे से सुसज्जित है, जो बड़े विमानों के संचालन में सक्षम होगा। इसमें अत्याधुनिक नेविगेशन सिस्टम और एयरफील्ड लाइटिंग जैसी सुविधाएं हैं, जिससे 24 घंटे और हर मौसम में संचालन संभव होगा। इसके अलावा यह एयरपोर्ट मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें सड़क, रेल, मेट्रो और अन्य परिवहन साधनों का एकीकरण होगा।

**कार्गो, एमआरओ और पर्यावरणीय पहल:** एयरपोर्ट में अत्याधुनिक कार्गो हब विकसित किया गया है, जिसकी शुरुआती क्षमता 2.5 लाख मीट्रिक टन सालाना है, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही 40 एकड़ में मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधा भी स्थापित की गई है। यह परियोजना नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य के साथ पर्यावरण के अनुकूल एयरपोर्ट के रूप में विकसित की जा रही है।

**एनसीआर को मिलेगा दूसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट:** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर के लिए दूसरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होगा, जिससे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दबाव कम होगा। यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे स्थित यह एयरपोर्ट क्षेत्रीय विकास को गति देने के साथ-साथ भारत को वैश्विक एविएशन हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**‘उड़ान’ योजना से हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा:** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ‘उड़ान’ योजना के माध्यम से देश के एविएशन सेक्टर में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने दूर-दराज के क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिला है।

**देश का प्रमुख ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट:** करीब 11,200 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में से एक है। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत तैयार किया गया है। फेज-1 में इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 12 मिलियन (एमपीपीए) है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 70 मिलियन तक करने की योजना है।

## ओडिशा के नयागढ़ में पर्यटक बस हादसा : पांच की मौत, 40 से अधिक घायल

**भुवनेश्वर,** (हि.स.)। ओडिशा के नयागढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हादसा दशपल्ला थाना क्षेत्र के टाकेरा के पास हनुमान घाटी में हुआ ।मृतकों में बस चालक समेत चार महिलाएं शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, निजी पर्यटक बस में करीब 60 यात्री सवार थे, जो ब्रह्मपुर से हरिशंकर घूमने जा रहे थे। इसी दौरान हनुमान घाटी के पास एक तीखे मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस एक बड़े पत्थर से टकराकर पलट गई।



हादस इतना भीषण था कि कई यात्री बस से बाहर जा गिरे, जबकि 10 से अधिक लोग बस के नीचे फंस गए। सूचना मिलते ही दशपल्ला और बनिगोछा थाना पुलिस, दमकल कर्मी और एंबुलेंस मौके पर पहुंचे। बचाव दल ने गैस कटर की मदद से फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला।घायलों को पहले दशपल्ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल लगभग 15 लोगों को जिला मुख्यालय अस्पताल रेफर किया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे की वजह तेज रफ्तार हो सकती है। घायल यात्री सुभ्रांशु नायक ने बताया, “चालक ने मोड़ पर बहुत तेज गति से बस घुमाई, जिससे बस पलट गई। कई यात्रियों को टूटी खिड़कियों से बाहर निकाला गया।”

## बंगाल चुनाव 2026 : अमित शाह ने कहा - सहानुभूति की राजनीति कर रही हैं ममता, 15 साल के शासन पर पेश किया आरोप पत्र

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह ने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राज्य में पिछले 15 वर्षों से भय, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति चलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह चुनाव बंगाल के भविष्य की दिशा तय करेगा।




**आरोप पत्र जारी कर सरकार पर निशाना:** अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ विस्तृत आरोप पत्र जारी किया और इसे जनता की आवाज बताया। उन्होंने कहा कि इसमें राज्य सरकार के कथित 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन किया गया है।

**सहानुभूति की राजनीति का आरोप:** शाह ने ममता बनर्जी पर सहानुभूति की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कभी चोट, कभी बीमारी और कभी संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश की जाती है, लेकिन जनता अब जागरूक हो चुकी है।

**विकास, घुसपैठ और चुनावी संकेत:** शाह ने घुसपैठ, कानून-व्यवस्था और विकास को प्रमुख मुद्दा बताते हुए भाजपा के बढ़ते जनाधार का दावा किया। साथ ही सुवेनडु अधिकारी का उल्लेख करते हुए राज्य की स्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि बंगाल को भय से मुक्त करने की जरूरत है।

## ममता बनर्जी ने रानीगंज भू धंसान प्रभावित लोगों को फ्लैट और मुआवजा देने का किया ऐलान

**कोलकाता ,** (हि.स.)। ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्दवान के अंडाल में आयोजित जनसभा में भारतीय जनता पार्टी और भारत निर्वाचन आयोग पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के नियंत्रण के कारण प्रशासनिक कार्यों में राज्य सरकार को सीमित हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। सभा में उन्होंने रानीगंज से तृणमूल उम्मीदवार कालोवरण मंडल के समर्थन में जनता से अपील भी की।



**भू-धंसान प्रभावितों के लिए बड़ा ऐलान:** रानीगंज के भू-धंसान प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री ने 10 लाख रुपये और दो फ्लैट देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से 6 हजार फ्लैट बनाए जा चुके हैं, जबकि 4 हजार फ्लैट निर्माणाधीन हैं। साथ ही लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील की।

**पार्टी अनुशासन पर सख्ती** कार्यक्रम के दौरान ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के नेता हरेराम सिंह को सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई और अनुशासन को सर्वोपरि बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह के विशेषाधिकार या दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिससे पार्टी की सख्त छवि का संदेश गया।

## दिल्ली में आज 'टेली-लॉ' राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन, उपराष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा टेली-लॉ पहल के तहत राष्ट्रीय परामर्श आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रौद्योगिकी के माध्यम से कानूनी सेवाओं को सुदृढ़ करना और अंतिम छोर तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में देशभर से विशेषज्ञ, अधिकारी और हितधारक शामिल होंगे।



**डिजिटल पहल और प्रमुख घोषणाएं:** कार्यक्रम के दौरान ‘दिशा’ योजना के अंतर्गत ‘न्याय सेतु’ एआई चैटबॉट लॉन्च किया जाएगा, जो नागरिकों को कानूनी जानकारी और समाधान तक आसान पहुंच प्रदान करेगा। साथ ही ‘लाभार्थियों की आवाज’ पुस्तिका और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) दिल्ली के सहयोग से तैयार कॉमिक पुस्तकों का विमोचन होगा। इस अवसर पर विशेषज्ञों के सुझावों पर आधारित श्वेत पत्र भी जारी किया जाएगा, जो भविष्य की कानूनी नीतियों के लिए मार्गदर्शक साबित होगा।

**मुख्य अतिथि और विशेष उपस्थिति:** इस राष्ट्रीय परामर्श में सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन राम मेघवाल उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा न्यायिक संस्थानों, बार एसोसिएशन, विधि विश्वविद्यालयों और नालसा के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। लगभग 1200 प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से और हजारों लोग ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे।

## मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों से आठ उग्रवादी गिरफ्तार,जेल




**इंफाल,** (हि.स.)। मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के खिलाफ सुरक्षा बलों के अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। इंफाल स्थित पुलिस मुख्यालय के अनुसार बीते 24 घंटों में विभिन्न स्थानों से कुल आठ कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। पहले अभियान में यूएनएलएफ (पी) के एक सक्रिय कैडर को पश्चिम इंफाल से पकड़ा गया, जो 2022 के बम धमाके के मामले में वांछित था। उसके पास से मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद हुआ। दूसरे अभियान में आरपीएफ/पीएलए के एक कैडर को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया गया। वहीं, तेंगनौपाल जिले के मोरेह क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से केसीपी और केवाईकेएल के दो कैडरों को पकड़ा गया। इसके अलावा गुरुवार को भी सुरक्षा बलों ने पीएलए और आरपीएफ/पीएलए के चार कैडरों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। उनके पास से आईईडी, विस्फोटक सामग्री और उपकरण बरामद किए गए, जो राज्य में सक्रिय उग्रवादी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## नोएडा एयरपोर्ट सिर्फ आधुनिक नहीं, भारतीय संस्कृति का प्रतीक भी : नायडू

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 के उद्घाटन के अवसर पर के. राममोहन नायडू ने कहा कि यह परियोजना केवल एक आधुनिक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने इसे देश की विरासत को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



**गंगा घाट थीम पर टर्मिनल** टर्मिनल को गंगा घाट की थीम पर मल्टी-लेवल संरचना में विकसित किया गया है। सीढ़ीनुमा डिजाइन, खुले स्थान और विशेष प्रकाश व्यवस्था इसे वाराणसी और हरिद्वार जैसे घाटों जैसा आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करती है, जिससे यात्रियों को शांति और सुकून का अनुभव मिलता है।

**हस्तशिल्प और वैश्विक पहचान:** एयरपोर्ट के इंटीरियर में देशभर के पारंपरिक हस्तशिल्प का उपयोग किया गया है। इससे स्थानीय कारीगरों को वैश्विक मंच मिलेगा और भारत की विविध कला परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है।

**वास्तुकला में परंपरा की झलक**
एयरपोर्ट के डिजाइन में उत्तर प्रदेश की पारंपरिक हवेलियों की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। मेहराब, आंगन और पारंपरिक संरचनाओं को शामिल कर इसे सांस्कृतिक पहचान से जोड़ा गया है। यह डिजाइन यात्रियों को प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का अनुभव कराएगा।

## लिव-इन रिलेशन समाज के विरुद्ध भयंकर प्रवृत्ति, बने सख्त कानून : शांता कुमार

**शिमला,** (हि.स.)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने लिव-इन रिलेशन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक निर्णय में लिव-इन रिलेशन को कानूनी मानते हुए उस पर कार्रवाई न करने की बात चिंताजनक है। शांता कुमार ने इसे सामाजिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए कहा कि ऐसे संबंध पारिवारिक व्यवस्था को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और परिवार टूटने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। उन्होंने सरकारों से इस विषय पर सख्त कानून बनाने की अपील की।



# सऊदी अरब में अमेरिकी एयर बेस पर ईरान के हमले में 10 सैनिक घायल



**वाशिंगटन, (हि.स.)**
ईरान की ओर से सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान नामक अमेरिकी एयर बेस पर शुक्रवार को मिसाइलों और ड्रोन से किए गए हमलों में 10 सैनिक घायल हो गए। इसमें दो की हालत नाजुक है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला सऊदी सेना के अल खर्ज स्थित 'प्रिंस सुल्तान एयर बेस' पर हुआ, जिसमें उस इमारत को निशाना बनाया गया जहाँ अमेरिकी सैनिक मौजूद थे। ईरान ने इस हमले को अंजाम देने के लिए मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिससे इस हमले में कम से कम दो केसी-135 हवाई रीफ्यूलिंग विमानों को भी काफी नुकसान पहुंचा। अमेरिकी वायु सेना की 378वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग 2019 से ही प्रिंस सुल्तान बेस पर तैनात है। करीब एक महीने पहले ईरान से युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 300 से ज़्यादा अमेरिकी घायल हो चुके हैं और 13 मारे गए हैं।इसके पूर्व, सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर हुए हमले में एक अमेरिकी सैनिक घायल हो गया था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर भी एक अलग हमला हुआ था, जिसमें 14 लोग घायल हो गए थे। वहीं, लड़ाई शुरू होने के कुछ घंटों बाद कुवैत में एक अमेरिकी फैसिलिटी सेंटर पर ईरानी हमले में छह और मारे गए थे। इराक के ऊपर एक अमेरिकी रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट के क्रैश में छह और मारे गए। पिछले चार हफ़्तों में ईरान ने अमेरिका के सहयोगी खाड़ी देशों पर जवाबी हमले किए हैं, जिसमें प्रिंस सुल्तान एयर बेस जैसी अमेरिकी मिलिट्री मौजूदगी वाली जगहें भी शामिल हैं। सऊदी की राजधानी रियाद से करीब 60 मील दूर इस बेस को रॉयल सऊदी एयर फ़ोर्स चलाती है और इसका इस्तेमाल अमेरिकी एयर फ़ोर्स का 378वां एयर एक्सपेडिशनरी विंग करता है ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत में आ रही रुकावटों के बीच अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी से ईरान पर हमले शुरू किए थे। गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका, ईरान के ऊर्जा स्थलों पर 10 दिनों तक हमले नहीं करेगा, ताकि युद्ध को समाप्त करने के लिए आगे की बातचीत को समय मिल सके। दूसरी ओर शुक्रवार को ईरान ने इजराइल पर आरोप लगाया कि उसने एक ऊर्जा संयंत्र सहित अन्य बुनियादी ढाँचों पर हमले करके, ट्रंप द्वारा घोषित 10 दिनों की मोहलत का उल्लंघन किया है।
यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब राष्ट्रपति ट्रंप कभी शांति का वादा कर रहे हैं, तो कभी महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर हमले तेज कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शांति वार्ता चल रही है और अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। हालांकि ईरानी अधिकारियों ने इस दावे पर असहमति जताई है और इसके साथ ही इस क्षेत्र में अमेरिकी सेना को मजबूत करने के लिए और अधिक युद्धपोत और हजारों सैनिक तैनात किए गए हैं।
सऊदी अरब में हुआ सबसे हालिया हमला इस इलाके में मिसाइल इंटरसेप्टर की कमी को दिखा सकता है क्योंकि अमेरिका-ईरान युद्ध को एक महीना होने वाला है। कई हफ़्तों से यह चिंता बनी हुई है कि अरब देशों के पास इंटरसेप्टर बहुत कम हैं और इस महीने की शुरुआत में कुछ अमेरिकी सहयोगी देशों ने व्हाइट हाउस को चेतावनी दी थी कि उन्हें यह चुनने के लिए मजबूर किया जा रहा है कि किन चीज़ों को उड़ाया जाए और किनको नहीं।-----

# यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से बड़ा हमला किया

## अल जजीरा के अनुसार प्रवक्ता याह्या सरी ने हमले की पुष्टि की

**यमन, (हि.स.)**
पश्चिम एशिया में पिछले कई दिनों से जारी संघर्ष के बीच हूती विद्रोही ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से बड़ा हमला किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।
अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने अल मसीरा चैनल के माध्यम से हमले की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जब तक उनके घोषित लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक इस तरह के हमले जारी रहेंगे। उनका बयान संकेत देता है कि यह कार्रवाई एक व्यापक रणनीति का हिस्सा हो सकती है। विद्रोहियों ने दावा किया कि दक्षिणी इजराइल के संवेदनशील सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइलें दागी गईं।



इजराइली सेना ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि उसने एक बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही इंटरसेप्ट कर लिया, जिससे संभावित नुकसान टल गया। हमले के दौरान बीरशेबा और इजराइल के एक प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र के आसपास सायरन बजते रहे, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सतर्क हो गईं।
यह स्थिति ऐसे समय में और जटिल हो गई है जब हिज़्बुल्लाह और ईरान पहले से ही इजराइल के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर संघर्ष में शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन घटनाओं के चलते क्षेत्र में व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ सकती है, जिसमें कई पक्ष सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हो सकते हैं।
हूती विद्रोहियों ने इससे पहले भी लाल सागर में व्यापारिक जहाज़ों को निशाना बनाकर वैश्विक व्यापार को प्रभावित किया है। नवंबर 2023 से जनवरी 2025 के बीच उन्होंने 100 से अधिक जहाज़ों पर हमले किए, जिनमें कुछ जहाज़ डूब गए और कई नाविकों की जान गई। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं।
इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनी दी है, जो वैश्विक व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। यदि यह मार्ग बाधित होता है, तो स्वेज नहर और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे प्रमुख समुद्री रास्तों पर भी असर पड़ सकता है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।
कुल मिलाकर, इस हमले ने मध्य पूर्व के संघर्ष को और जटिल बना दिया है तथा क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली की गिरफ्तारी के विरोध में काठमांडू में प्रदर्शन शुरू



**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के विरोध में राजधानी काठमांडू में आज प्रदर्शन शुरू हो गया। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जेन जी आंदोलन की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट के खिलाफ खुलकर विरोध जताया और रिपोर्ट की प्रतियां जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।
नेकपा (एमाले) के केंद्रीय कार्यालय च्यासल के पास कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्की आयोग की रिपोर्ट की प्रति भी जलाई गई। मौके पर पुलिस की मौजूदगी बहुत कम देखी गई, जिससे स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बनी रही।
जेन जी आंदोलन की जांच के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार द्वारा विशेष आयोग का गठन किया गया था, जिसकी अध्यक्षता गौरी बहादुर कार्की कर रहे थे।
चुनाव के बाद गठित सरकार का नेतृत्व बालेन्द्र शाह कर रहे हैं, जिसने हाल ही में इस आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया।
सरकार के इस फैसले के बाद पूर्व प्रधानमंत्री ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी की गई, जिसके विरोध में राजधानी में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

# नेपाल में ओली की रिहाई की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी सीपीएन (यूएमएल)



**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल की सीपीएन (यूएमएल) ने पार्टी अध्यक्ष तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने के साथ-साथ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। यह निर्णय शनिवार को आयोजित पार्टी सचिवालय की आकस्मिक बैठक में लिया गया, जिसमें ओली की तत्काल रिहाई की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।
पार्टी महासचिव शंकर पोखरेल ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि पार्टी अपने जनसंगठनों के माध्यम से आज दोपहर 3 बजे सभी जिलों के मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और कानून के शासन को बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके साथ ही पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह अन्य लोकतंत्र समर्थक राजनीतिक दलों, नागरिक समाज और आम जनता के साथ संवाद स्थापित कर सहयोगात्मक तरीके से आगे की रणनीति तय करेगी।
यह पूरा घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व वाले जांच आयोग की सिफारिशों के आधार पर की गई है। यह आयोग 8 और 9 सितंबर 2025 को हुए जेन जी विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी घटनाओं की जांच कर रहा था, जिनमें व्यापक हिंसा और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाए गए थे।
आयोग की रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया है कि उस समय तत्कालीन सरकार की लापरवाही और परिस्थितियों को संभालने में असावधानी के कारण 19 युवाओं की मौत हुई। इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई, जिससे देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है।
गिरफ्तारी के बाद सत्ता और विपक्ष के बीच तनाव बढ़ गया है और सीपीएन (यूएमएल) के आंदोलन के ऐलान से देशभर में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और अधिक विरोध, संवाद और कानूनी प्रक्रियाओं के साथ स्थिति के और विकसित होने की उम्मीद है।

# नेपाल : ओली और लेखक को पुलिस कल पेश करेगी अदालत में



**काठमांडू, (हि.स.)**
नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृहमंत्री रमेश लेखक को आज सुबह गिरफ्तार करने के बाद स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला प्रहरी परिसर काठमांडू से अस्पताल ले जाया गया। दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण महराजगंज शिक्षण अस्पताल में किया गया। ओली को भक्तपुर से उनके निवास से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ओली को जिला प्रहरी परिसर काठमांडू ले जाया गया। वहां काठमांडू एसएसपी रमेश थापा पहले से मौजूद थे। रमेश लेखक को काठमांडू में उनके आवास से हिरासत में लिया गया।
आज अवकाश होने के कारण दोनों को रविवार को जिला अदालत काठमांडू में पेश किया जाएगा। शुक्रवार को बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली पहली मंत्रिपरिषद की बैठक ने ओली के खिलाफ आपराधिक मामला चलाने के लिए आयोग की सिफारिश को लागू करने का निर्णय लिया था। मंत्रिपरिषद के निर्णय के बाद गृहमंत्री सुदन गुरूंग के निर्देश पर ओली और लेखक को आज सुबह गिरफ्तार किया गया।

# नेपाल की नई सरकार ने ओली को गिरफ्तार कर राजनीतिक बदला लिया : सीपीएन यूएमएल




**काठमांडू, (हि.स.)**
सीपीएन (यूएमएल) ने पार्टी अध्यक्ष केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना की है और इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। पार्टी ने बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार पर सवाल उठाते हुए आपातकालीन सचिवालय बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। पार्टी सचिव महेश बस्नेत ने गृह मंत्री सुदन गुरूंग की नियुक्ति को अनुभवहीन बताते हुए सरकार की नीतियों पर भी सवाल खड़े किए। ओली और रमेश लेखक की गिरफ्तारी गौरी बहादुर कार्की आयोग की सिफारिशों के आधार पर की गई है, जिसमें जेन जी प्रदर्शनों के दौरान 19 युवाओं की मौत का उल्लेख है।

# ईरानी सेना ने हाइफ़ा में इजराइली ठिकानों पर किया ड्रोन हमला



**तेहरान, (हि.स.)**
पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने इजराइल के महत्वपूर्ण सैन्य और रणनीतिक ठिकानों पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले का दावा किया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के हवाले से ईरान की अर्ध-सरकारी तसनीम न्यूज एजेंसी ने बताया कि शनिवार तड़के हाइफ़ा बंदरगाह स्थित इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और रडार केंद्र को निशाना बनाया गया। इसके साथ ही तेल अवीव के दक्षिण-पूर्व में स्थित बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ईंधन भंडारण सुविधाओं पर भी ड्रोन से हमले किए गए।
आईआरजीसी के अनुसार, हाइफ़ा स्थित यह केंद्र इजराइल की रक्षा प्रणाली का एक प्रमुख हिस्सा है, जहां अत्याधुनिक रडार, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, हवाई निगरानी उपकरण और उपग्रह मार्गदर्शन तकनीक विकसित की जाती है। ईरान का दावा है कि इस हमले से इजराइल की मिसाइल और ड्रोन अवरोधन क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ा है, जिससे उसकी हवाई सुरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा है।
ईरानी सेना ने यह भी कहा कि बेन गुरियन एयरपोर्ट पर ईंधन आपूर्ति से जुड़ी सुविधाओं को बार-बार निशाना बनाए जाने के कारण वहां विमानों को ईंधन उपलब्ध कराने में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। इससे इजराइल के सैन्य और हाइब्रिड हवाई अभियानों की क्षमता प्रभावित हो सकती है।
ईरान ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में की गई है, जिनमें ईरान के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े लोगों, वरिष्ठ सैन्य कमांडरों और कई नागरिकों की मौत हुई थी। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है और हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 : झारखंड के बाबूलाल हेम्ब्रम वेटलिफ्टिंग में उभरते




**रायपुर, (हि.स.)**
सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बावजूद झारखंड के युवा वेटलिफ्टर बाबूलाल हेम्ब्रम अपने संघर्ष और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। रामगढ़ जिले के केरिबांदा गांव से आने वाले बाबूलाल ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने खेल करियर को आगे बढ़ाया और आज एक-एक पदक के साथ अपने सपनों को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं।

कोच गुरविंदर सिंह की सलाह पर वेटलिफ्टिंग अपनाने वाले बाबूलाल के शुरुआती दिन बेहद चुनौतीपूर्ण रहे। संसाधनों की कमी के कारण उन्होंने निर्माण स्थलों पर बांस और लोहे की रॉड से अभ्यास शुरू किया। बाद में उन्हें झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण का अवसर मिला, जहां वे प्रतिदिन लगभग 60 किलोमीटर की दूरी तय कर अभ्यास करने जाते रहे।

19 वर्षीय बाबूलाल के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर रही है। उनकी मां स्कूल में रसोइया हैं और पिता छोटे-मोटे काम करते हैं, लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया।

उन्होंने 2024 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। इसके अलावा आईडब्ल्यूएफ वर्ल्ड यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप और एशियन जूनियर एवं यूथ चैंपियनशिप में भी पदक हासिल किए। वर्तमान में वे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में रजत पदक जीत चुके हैं और सीनियर स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी में हैं।

# आईपीएल 2026 : कोहली-पडिक्कल के अर्धशतकों से आरसीबी की धमाकेदार जीत, एसआरएच को 6 विकेट से हराया



**बेंगलुरु,** (हि.स.)। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 की शुरुआत में शानदार अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 6 विकेट से हराकर अपना टाइटल डिफेंस अभियान शुरू किया। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस कोलकाता में आरसीबी ने 202 रनों का लक्ष्य रखा, ओवर में 15.4 का स्कोर हासिल किया।

इस जीत के हीरो रहे विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल, जिन्होंने शानदार अर्धशतक जमाए। कोहली ने 38 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाते हुए 10 महीने बाद टी20 में वापसी को यादगार बना दिया। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 5 छक्के लगाए और आईपीएल का 64वां अर्धशतक पूरा किया।

वहीं पडिक्कल ने आक्रामक अंदाज में 26 गेंदों पर 61 रन ठोकते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनकी इस पारी में 7 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले से ही एसआरएच के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया और टीम को तेज शुरुआत दिलाई।इससे पहले, एसआरएच ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे। ईशान किशन ने 80 रन और अनिकेत वर्मा ने 43 रनों का योगदान दिया। आरसीबी की ओर से जैकब डफी और रोमारियो शेफर्ड ने 3-3 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुए RCB ने शुरुआत में फिल सॉल्ट का विकेट गंवाया, जिन्हें जयदेव उनादकट ने आउट किया। इसके बाद कोहली और पडिक्कल ने तेजी से रन बटोरते हुए मैच पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने भी 12 गेंदों पर 31 रन की तेज पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में कोहली ने आक्रामक शॉट्स खेलते हुए टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले, सनराइजर्स हैदराबाद ने इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 9 विकेट पर 201 रन बनाए। इस दौरान कप्तान ईशान किशन ने 38 गेंदों पर 80 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। वहीं, अनिकेत वर्मा ने 18 गेंदों पर 43 रन और हेनरिक क्लासेन ने 31 रन बनाए।

दूसरी ओर, आरसीबी की गेंदबाजी में जैकब डफी का प्रदर्शन कमाल का रहा, उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 22 रन देकर 3 विकेट झटके। वहीं, रोमेरियो शेफर्ड ने भी 3 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा जयदेव उनादकट और हर्ष दुबे ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।इस जीत के साथ आरसीबी ने साफ संकेत दे दिया है कि इस सीजन में भी टीम खिताब की प्रबल दावेदार रहेगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर शानदार सीरीज में पहली 1-0 बढ़त बनाई

**सेंट किट्स, (हि.स.)**
सेंट किट्स के बासेटेरे में शुक्रवार रात खेले गए पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम को 103 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। नई कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स के नेतृत्व में टीम ने बेहतरीन संतुलन और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवर में 341 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की शुरुआत मजबूत रही और ओपनिंग जोड़ी ने 75 रनों की साझेदारी कर ठोस आधार दिया। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फोएबे लिचफील्ड ने 72 गेंदों पर 77 रनों की अहम पारी खेली। अनुभवी खिलाड़ी एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन जोड़कर पारी को स्थिरता दी।

मध्यक्रम में कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स ने 47 रन बनाए और निकोला कैरी के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इसके बाद जॉर्जिया वेयरहैम ने 42 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को 300 के पार पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से अफी फ्लेचर ने 3 विकेट लिए, हालांकि वह काफी महंगी साबित हुईं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। कप्तान हेले मैथ्यूज भी सस्ते में आउट हो गईं, जिससे टीम दबाव में आ गई। हालांकि अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर ने शानदार नाबाद 105 रनों की पारी खेली। यह उनका 2021 के बाद पहला वनडे शतक था। उनके साथ चिनेल हेनरी ने 38 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला।

ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी भी प्रभावी रही। किम गर्थ ने 3 विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी को झकझोर दिया, जबकि एश्ले गार्डनर ने भी अहम योगदान दिया। अंततः वेस्टइंडीज की टीम 238 रन पर 8 विकेट खोकर मुकाबला हार गई।

संक्षिप्त स्कोरः
ऑस्ट्रेलिया – 341 ऑल आउट (लिचफील्ड 77, फ्लेचर 3/83)
वेस्टइंडीज – 238/8 (स्टेफनी टेलर 105*, गर्थ 3/37)
ऑस्ट्रेलिया 103 रन से विजेता।

## टाइगर वुड्स डीयूआई मामले में गिरफ्तार, कुछ घंटों बाद जमानत पर रिहा



**जुपिटर आइलैंड (फ्लोरिडा), (हि.स.)**
दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को ड्राइविंग अंडर द इन्फ्लुएंस (DUI) के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया, हालांकि कुछ ही घंटों बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, वुड्स अपनी लैंड रोवर कार को रिहायशी इलाके में तेज गति से चला रहे थे, तभी उनकी गाड़ी एक ट्रक से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद उनमें नशे या किसी प्रभाव के संकेत दिखाई दिए। मार्टिन काउंटी के शेरिफ जॉन बुडेन्सीक ने बताया कि ब्रेथएनालाइजर टेस्ट में शराब के सेवन के संकेत नहीं मिले, लेकिन यूरिन टेस्ट कराने से इनकार करने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

फ्लोरिडा कानून के तहत वुड्स को जमानत से पहले कम से कम आठ घंटे जेल में रहना पड़ा, जहां उन्हें अन्य कैदियों से अलग रखा गया। जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने कोई दवा या अन्य पदार्थ लिया हो सकता है। हादसे में वुड्स को कोई चोट नहीं आई। उनके मैनेजर की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

## टैंगियर वर्ल्ड कप में भारतीय स्कीट निशानेबाज निराश, महेश्वरी फाइनल चूकीं



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
मोरक्को के टैंगियर में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन प्रतियोगिता में भारतीय स्कीट निशानेबाजों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और कोई भी खिलाड़ी फाइनल में जगह नहीं बना सका। ओलंपियन महेश्वरी चौहान फाइनल के सबसे करीब पहुंचीं, लेकिन वह टॉप-8 में शामिल होने से चूक गईं।

महेश्वरी ने पहले दिन 75 में 69 अंक बनाकर शानदार शुरुआत की, लेकिन बाद की सीरीज में लय खो बैठीं। चौथी और पांचवीं सीरीज में 23 और 21 अंक के साथ उनका कुल स्कोर 113 रहा, जबकि फाइनल के लिए 115 अंक जरूरी थे।

दर्शना राठौड़ ने अंतिम सीरीज में परफेक्ट 25 अंक बनाए, लेकिन कुल 112 अंक के साथ 19वें स्थान पर रहीं। यशस्वी राठौड़ 110 अंकों के साथ 23वें स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में परमपाल सिंह गुरोन 117 अंकों के साथ 26वें स्थान पर रहे। अब टीम को ट्रैप स्पर्धा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## आईपीएल 2026 : बांग्लादेश ने प्रसारण पर से हटाया प्रतिबंध, टेलीकास्ट के लिए दिखाई सकारात्मकता

**ढाका, (हि.स.)**
बांग्लादेश सरकार ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के प्रसारण को लेकर अपना रुख बदलते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करना चाहता है, तो सरकार उसे सकारात्मक दृष्टिकोण से अनुमति देगी और इस पर किसी प्रकार की रोक नहीं होगी।



इससे पहले जनवरी में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आईपीएल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह कदम उस समय उठाया गया था जब बांग्लादेश के क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को लीग से बाहर किए जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। उस निर्णय को खेल से जुड़े भावनात्मक और नीतिगत कारणों से जोड़ा गया था।

अब मंत्री स्वपन ने बताया कि पिछली सरकार के उस आदेश को वापस ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार खेल को राजनीति से अलग रखने की नीति पर काम कर रही है और प्रसारण मामलों को पूरी तरह व्यावसायिक दृष्टिकोण से देखा जाएगा। उनका कहना है कि सरकार का उद्देश्य प्रसारकों के लिए एक खुला और निष्पक्ष वातावरण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आईपीएल के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स को भी प्रसारण की अनुमति दी जाएगी। साथ ही, केबल ऑपरेटरों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा और वे अपने प्लेटफॉर्म पर मैचों का प्रसारण कर सकेंगे। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि किसी भी चैनल या ऑपरेटर पर कोई दबाव नहीं डाला जाएगा।

इस निर्णय के बाद बांग्लादेश में आईपीएल 2026 के प्रसारण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

# आईपीएल 2026 : चोट के कारण शुरुआती दो हफ्तों से बाहर रहेंगे महेंद्र सिंह धोनी, सीएसके को बड़ा झटका

**नई दिल्ली, (हि.स.)**
इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत से पहले महेंद्र सिंह धोनी की चोट ने चेन्नई सुपर किंग्स की तैयारियों को बड़ा झटका दिया है।



फ्रेंचाइजी द्वारा शनिवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि धोनी टूर्नामेंट के शुरुआती दो सप्ताह तक उपलब्ध नहीं रहेंगे। यह खबर टीम प्रबंधन और प्रशंसकों दोनों के लिए चिंता का विषय बन गई है।

टीम के अनुसार, धोनी काफ स्ट्रेन (पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव) से उबर रहे हैं और वर्तमान में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही है, लेकिन शुरुआती मैचों में उनकी भागीदारी संभव नहीं होगी। धोनी की अनुपस्थिति का असर केवल बल्लेबाजी पर ही नहीं, बल्कि टीम की रणनीति और मैदान पर नेतृत्व क्षमता पर भी पड़ सकता है।

महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाते हैं। उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने अब तक पांच बार खिताब जीता है। उनकी शांत नेतृत्व शैली, दबाव में सही निर्णय लेने की क्षमता और विकेट के पीछे उनकी चपलता टीम को कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में जीत दिला चुकी है। पिछले सीजन में उन्होंने 13 पारियों में 196 रन बनाए थे, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 135.17 रहा था। इसके अलावा डेथ ओवर्स में उनका स्ट्राइक रेट 151.72 रहा, जो उनकी उपयोगिता को और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

सीएसके के लिए मुश्किलें यहीं समाप्त नहीं होतीं। टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट भी अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। उनकी अनुपस्थिति से टीम की बल्लेबाजी क्रम में संतुलन प्रभावित हो सकता है। शॉर्ट मध्यक्रम और शीर्ष क्रम के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी माने जाते हैं।

इसके अलावा, तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। उनकी अनुपस्थिति से टीम की गेंदबाजी आक्रमण की गहराई प्रभावित होने की संभावना है। एलिस डेथ ओवर्स में प्रभावी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं, और उनकी कमी टीम को महसूस हो सकती है।

इन लगातार चोटों के चलते चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। टीम मैनेजमेंट को नए खिलाड़ियों को मौका देना पड़ सकता है और प्लेइंग इलेवन में संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी। कप्तानी और नेतृत्व की जिम्मेदारी भी किसी अन्य खिलाड़ी को संभालनी पड़ सकती है, जो टीम के लिए एक नई परीक्षा होगी।

## स्टार्क बोले, चोट के बाद जल्द वापसी



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि वह कंधे और कोहनी की चोट से उबर रहे हैं और दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में जल्द वापसी की कोशिश कर रहे हैं।

स्टार्क ने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस को लेकर चल रही खबरों को भ्रामक बताया और स्पष्ट किया कि अब वह रिहैब प्रक्रिया में हैं। उन्होंने टीम और प्रशंसकों से असुविधा के लिए माफी भी मांगी।

पिछले सीजन में उन्होंने 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। दिल्ली कैपिटल्स 1 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।